## संक्षिप्त खबरें

### दनियावां में एनडीए कार्यालय का उद्घाटन रविशंकर प्रसाद ने किया

फतुहा। पटना साहिब लोकसभा के अंतर्गत दनियावां बाजार में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंदु प्रसाद सिन्हा ने और संचालन कुंवर विजय पासवान ने किया। मौके पर विधान पार्षद लाल मोहन गुप्ता, पूर्व विधायक रणविजय सिंह उर्फ लल्लू मुखिया, जद यू नेता व पूर्व एमएलसी बाल्मिकी सिंह, लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, भाजपा नेत्री पिंकी कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अरूण साह, नीभा पासवान, शैलेश महतो, धर्मेन्द्र कुमार, धर्मवीर कुमार, अनिरुद्ध चंद्रवंशी, फुदन सिंह, सुनील पासवान, ललन सिंह , सत्येंद्र कुमार समेत एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गंगा से एक युवक का शव बरामद

फतुहा। रविवार की सुबह मोजीपुर के निकट गंगा किनारे ग्रामीणों की सूचना पर नदी थाना पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। यह शव मोजीपुर में एक ईंट भट्ठा के पीछे गंगा किनारे पानी में तैर रहा था। पुलिस ने जब शव को गंगा से निकालकर उसकी तलाशी ली तो उसके पैंट पॉकेट से एक पर्स बरामद हुआ। पर्स से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान नवादा जिले के गोंदापुर गोला रोड निवासी वासुदेव प्रसाद के पुत्र गोपाल कुमार (38वर्ष) के रूप में हुई है। उसके पॉकेट से पुलिस ने एक मोबाइल भी बरामद किया। मोबाइल का सिम दूसरे मोबाइल में लगाकर उसके परिजनों से सम्पर्क साधा गया। कुछ ही देर बाद उसकी पहचान पुख्ता में बदल गयी। पुलिस ने परिजनों को सम्पर्क कर सूचना दे दी तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया। शव दो तीन दिन पुराना था। नदी थानाध्यक्ष राजु कुमार ने परिजनों के हवाले से बताया कि वह डिप्रेशन का शिकार था। कुछ दिन पहले वह नवादा से अपने बहन के घर पटना सिटी स्थित महाराजगंज आया था। सिटी में वह गंगा किनारे टहलते देखा गया था। प्रतीत होता है कि डिप्रेशन में रहने के कारण उसने गंगा में छलांग लगा दी हो तथा नदी की धारा में बहकर मोजीपुर के निकट आ गया हो। इस संबंध में परिजनों ने कोई लिखित शिकायत थाने में नहीं दिया है।

### फ्लैट का ताला काटकर चोरों ने लाखों की चोरी की

दानापुर। नगर के अंतर्गत मछुआ टोली स्थित घर के बाहर डीनर करने गये दंपत्ति को काफी महंगा पड़ गया। अज्ञात चोरों ने उनके फ्लैट का तालातोड़ आलमिरा में रखे करीब 8 लाख जेवर समेत 50 हजार नगद पर हाथ साफ कर दिया। मामला नगर के मछुआटोली स्थित दुर्गा मॅपेल अपार्टमेंट की है। इस संबंध में अपार्टमेंट के प्रथम तल के डी- 101 नंबर फ्लैट में रहने वाले पीड़ित रॉकी सिंह ने स्थानीय थाने में चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत किया है । लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया है कि विगत रात्रि 9:30 बजे वह अपने परिवार के साथ डिनर के लिए अपने घर से दूर खाना खाने के लिए गये थे, जब वे रात्री के लगभग 12:45 बजे घर लौटे तो देखा कि दरवाजा का हांडिल टूटा हुआ है। यह देख कर वे घबरा गये। उन्हे शक हुआ की शायद कोई अंदर है या कुछ अप्रिय घटना हुई है। व तुरंत बिल्डिंग के सुरक्षा कर्मी की मदद से सीढ़ी लगा कर खिड़की के द्वारा अपने प्रथम तल्ला पर स्थित फ्लैट में प्रवेश किया तो देखा कि कमरे में रखे दोनों आलमिरा का दरवाजा खुला था। आलमिरा के अंदर बना लॉकर खुला था और उसमें रखा लगभग 8 लाख के सोने के जेवरात और लगभग पचास हजार नगद रुपए चोरों ने चोरी कर लिये थे। उन्होने डायल 112 को कॉल कर चोरी की सूचना दिये। वहीं लिखित शिकायत मिलने के बाद दानापुर थाना पुलिस मामले की छानबीन व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले में जुट गई है।

### पोस्टर प्रदर्शनी लगाई किया जागरूक

पटना सिटी (प्राकि)। मंगल तालाब पर पेटिंग, पोस्टर प्रदर्शनी और वोटिंग गीत के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मोनित राज के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को एक जून को वोट करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विजय कुमार सिंह, मोनित राज, लड्डू सिंह व चंद्रप्रकाश तारा ने विचार रखते हुए मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। आयोजन में हरेन्द्र प्रसाद, सुधीर कुमार, डॉ कुंवर नारयण, धर्मेन्द्र पटेल, मो फैज, ओमकार नाथ यादव आदि शामिल थे।

# राज्य में स्तरीयस्वास्थ्य सुविधाओं की गारंटी दे रहा एनक्यूएएस प्रमाणीकरण

## राज्य के 10 राष्ट्रीय व 24 राज्य स्तरीय एनक्यूएएस का मिल चुका है प्रमाणीकरण

- सीतामढ़ी जिलाअस्पताल को एनक्यूएस,मुस्कान, कायाकल्प सहित लक्ष्य का मिला है राष्ट्रीय प्रमाणीकरण



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम की शुरूआत की गई,ताकि सरकारी अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार के साथ गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य की गारंटी मिल सके। यह प्रमाणीकरण न सिर्फ सरकारी अस्पतालों की मुलभूत सुविधाओं को बढ़ाता है बल्कि समुदाय के बीच बेहतर उपचार एवं सेवा के विश्वास को भी बढ़ावा देता है। मौजूदा वर्ष में राज्य के 10 जिला स्तरीय अस्पतालों को राष्ट्रीय तथा 24 स्वास्थ्य संस्थानों को राज्य स्तरीय एनक्यूएएस के प्रमाणीकरण से नवाजा गया है। प्रमाणीकरण की इस कड़ी में सीतामढ़ी जिले ने राज्य में एक मिसाल कायम की है,जिसमें उसने लक्ष्य का राष्ट्रीय सर्टिफिकेट,कायाकल्प सर्टिफिकेट, जुलाई में मुस्कान का राष्ट्रीय सर्टिफिकेट प्राप्त किया है। बेहतरीन ओटी रूम, 24 घंटे लैब,डोनर की सुविधा के साथ ब्लड बैंक,सुविधापूर्ण ओपीडी के साथ इमरजेंसी सुविधा मिल रही है। वहीं लक्ष्य सर्टिफिकेशन से ब्लॉक से रेफर हो कर आए एनिमिक और क्रिटिकल मरीजों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है। प्रमाणीकरण से बेहतर हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का नतीजा ही है कि जिले के सामान्य प्रसव में 5 से 10 फीसदी तथा सिजेरियन में 20 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है।

वैशाली जिले के सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन प्रसाद ने कहा कि प्रमाणित संस्थानों से यहां आने वाले मरीजों को संस्थान पर भरोसा होता है। हमारा भी प्रयास है कि हम अपने स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतारें।

एनक्यूएएस समर्पित अधिकारी से बढ़ेगी प्रमाणित संस्थाओं की संख्या

फिलहाल राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय टीम राज्य के सरकारी संस्थानों का मुआयना कर रही है। इस संबंध में एनक्यूएएस के नेशनल ऐसेसर,जेएसआई के डॉ अंकुर सूदेन के अनुसार ह्लएनक्यूएएस प्रमाणीकरण बिहार राज्य के लिए स्वास्थ्य प्रदर्शन का संकेत है। सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के बाद निजी अस्पतालों में भी इसकी शुरूआत होनी चाहिए। अगर राष्ट्रीय प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित अधिकारी हो तो बिहार जैसे राज्य में सर्टिफाइड संस्थाओं की संख्या बढ़ सकती है।

मासिक सर्विलांस भी जरूरी:

राज्य स्तरीय एनक्यूएएस ऐसेसर डॉ विजय कुमार चौधरी का मानना है कि वैसे संस्थान जिन्हें सर्टिफिकेट मिल चुका है उन्हें अपनी सुविधाओं को बहाल रखने के लिए हर महीने अपना मासिक सर्विलांस और मौजूद कमियों पर काम करने की जरूरत है। एनक्यूएएस वास्तव में राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं के लिए एक वरदान की तरह साबित हो रहा है,जिससे विभिन्न मानकों पर काम का संस्थान को उत्कृष्ट बनाया जा रहा है। जैसी चिंता राष्ट्रीय जांचकर्ता ने भी जताई है कि अभीभी यहां एक संस्थानों की जांच के लिए समर्पित जांचकताओं की जरूरत है,अगर ऐसा होता है तो निश्चित ही यहां राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सर्टिफाइड संस्थानों में बढ़ोतरी होगी। यह बढ़ोतरी हमारे बढ़ते स्वास्थ्य सुविधाओं को भी प्रदर्शित करेगी ।

# मकान व दुकान से संपत्ति की चोरों ने की चोरी




- घटना सीसीटीवी में कैद, कैमरे से किया छेड़छाड़, खाजेकलां व मेहंदीगंज थाना की घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के लोदीकटरा निवासी मिठाई दुकानदार विनय कुमार के घर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने नगद 12 हजार रुपए और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इसकी कीमत लगभग एक लाख से अधिक बताई जा रही है। चोरी की घटना में शामिल दो चोरों का चप्पल भी छूट गया है। वहीं घर में रहे पालतू कुत्ते ने एक चोर पर हमला कर दिया और उसे काट खाया। वहीं दूसरी घटना मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ पर मिठाई दुकान में हुई। सत्येंद्र कुमार के मिठाई की दुकान में भी चोरी की घटना हुई। यहां दुकान का कैमरा क्षतिग्रस्त कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। दुकानदार के अनुसार चोरी गए सामान का आकलन किया जा रहा है। कर जब छत की हुई ढलाई के रास्ते से दुकान के अंदर पहुंचा तो एक दरवाजा खुला था उसमें ताला बंद नहीं था कर उसी रास्ते से अपना शर्ट सर की ओर ऊपर कर चेहरा ढक कर आगे बढ़ा इसके बाद सीसीटीवी के कैमरे का रुख सीलिंग की ओर कर दिया उन कैमरे के साथ छेड़छाड़ की गई। इसके बाद भी कर का चेहरा कमरे में आया है। पीड़ितों की ओर से खाजेकलां थाना और मेहंदीगंज थाना में सूचना दी गई है। इस आधार पर पुलिस मामले में घटनास्थल की छानबीन की है

# मिहनत करने वाला ही असंभव कार्य को संभव बनाता है : अभयानंद

## दसवीं व 12वीं बोर्ड में सफल छात्रों के बीच बंटा प्रशस्ति पत्र



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एक बार फिर से जीजस एंड मेरी एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने आईसीएसई बोर्ड की दसवीं एवं आईएससी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में उच्चतम अंकों के साथ शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर शहर के अग्रणी विद्यालयों की पंक्ति में अपने को खड़ा कर दिया। इसी क्रम में बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्राचार्या पूजा एन शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय के सफल छात्रों को सम्मानित करने को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इसके मुख्य अतिथि बिहार के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं सुपर 30 के संस्थापक अभयानन्द उपस्थित रहे। इनके साथ महान गणितज्ञ रोबिन फ्रांसिस विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्री अभयानन्द ने छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के अनेक गूढ़ रहस्य को बताते हुए उनसे कहा कि सच्ची लगन और कड़ी मिहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है, जो आजीवन मनुष्य को जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि मिहनत करने वाला व्यक्ति ही असंभव कार्य को संभव बनाता है, इसलिए छात्रों को यह मानकर चलना चाहिए कि दुनिया में असंभव कोई कार्य नहीं होता, आवश्यकता होती है सिर्फ सच्ची लगन एवं कड़ी मेहनत की। अतिथि रोबिन फ्रांसिस ने बताया कि गणित एवं भौतिक विज्ञान मानव जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। इसके बिना मानव अधूरा है, वह इसके बिना एक कदम भी किसी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकता। इसके साथ गणित एवं भौतिक विज्ञान के सवाल को हल करने के अनेक रहस्य का उद्भेदन करते हुए छात्रों से कहा कि हमें सर्वप्रथम अपनी रुचि जागृत करनी पड़ती है। अगर गणित के साथ कोई भी विषय रुचिकर हो गया, तो ये सारे विषय हमारे लिए मनोरंजन के साधन बन जाते हैं। प्राचार्या पूजा एन शर्मा ने छात्रों सहित उपस्थित अभिभावकों को कहा कि जिस तरह आज तक यह विद्यालय आपके विश्वास पर खरा उतरा है, आगे भी आपका विश्वास बनाए रखेगा। श्री अभयानन्द के हाथों प्रशस्ति पत्र बांटा गया। उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक एवं प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को, तो निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक ने विशिष्ट अतिथि रोबिन फ्रांसिस को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक एवं उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि अभयानन्द एवं विशिष्ट अतिथि गणितज्ञ रोबिन फ्रांसिस को अपने व्यस्तम कार्यक्रम के बीच छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा देने के लिए अपना अमूल्य समय निकालने को धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय की प्राचार्या सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति भी आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक मुकेश ओझा और आकाश कुमार के द्वारा किया गया।

# बांस टाल में लगी आग, नुकसान का आकलन



पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां थाना क्षेत्र के नौजर घाट स्थित बांस के टाल में शनिवार की देर रात आग लग गई। सूचना मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए मौके पर चार फायर यूनिट पहुंची। खासा मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर आफिसर गयानंद सिंह ने बताया कि आग बुझाने के लिए तीन बड़ी और एक छोटी यूनिट को मौके पर भेजा गया था। आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। आगलगी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीड़ित ने बताया कि आगलगी की घटना में बिक्री के लिए रखे गए बांस और सामान जल गया है। कितना का नुकसान हुआ है, इसका आकलन किया जा रहा है। देर रात हुई आगलगी की घटना में वहां पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई थी। आगलगी वाले स्थान पर ही एक इबादत स्थल, नर्सिंग होम के साथ ही आसपास मकान भी था।

# कोढ़ा गैंग के तीन बदमाशों को बैरिया इलाके से किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर नगर के। रूपसपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लोहिया पथ स्थित बुजुर्ग दिनेश प्रसाद से बाइक सवार बदमाशों द्वारा 5 लाख छीनतई करने के मामले में रूपसपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने वारदात में शामिल कोढ़ा गैंग के तीन बदमाशों को पटना के बैरिया इलाके से गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार आरोपितों के पास से 4 लाख 65 हजार रुपए नगद, 2 बाइक, 4 मोबाइल, मास्टर चाबी, खुजली के पाउडर व फर्जी सीम बरामद किया गया है। रविवार को एएसपी दीक्षा प्रेस वार्ता कर बताया कि विगत 14 मई की दोपहर लोहिया पथ, नीति बाग के रहने वाले दिनेश प्रसाद दानापुर के तकीयापर स्थित एक्सिस बैंक से 5 लाख रुपए निकालकर अपनी कार से घर जा रहे थे। घर का पास पहुंचने पर कार से उतरते ही बाइक पर सवार बदमाशों ने उनके हाथ से रुपए का थैला झपटकर फरार हो गये थे। उसी दिन खगौल थाना अन्तर्गत एसबीआई बैंक से दो लाख रूपया निकाल कर साईकिल से झोला में रख कर ले जा रहे एक वृद्ध व्यक्ति से डीआरएम चौराहा के पास से दो पल्सर बाइक पर सवार चार व्यक्तियों द्वारा झपट्टा मार कर छिनतई की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी महोदय द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक दानापुर के नेतृत्व में कांड के उद्भेदन, अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं रूपयों की बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज व वैज्ञानिक अनुसंधान करते हुए घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के वक्त ये बैंक में अपना शिकार तलाश रहे थे। उन्होने बताया कि घटना में प्रयुक्त दो पल्सर बाइक तथा रूपसपुर से छिनतई की गई राशी में से 3 लाख 15 हजार रूपया एवं खगौल थाना से छीनी गई राशी में से 1 लाख 50 हजार रूपया बरामद किया गया। उन्होने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त नयाटोला जुरावगंज, कोढा, कटिहार का रहने वाला दिपेश कुमार, रवि कुमार एवं राजगंज जिला जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल का राजीव सिंह है। सभी से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है।

# स्व सुशील जी की स्मृतियां ही हम सबों की शक्ति : नंदकिशोर

- राजनीतिज्ञ के रूप में उनकी क्षमता अभूतपूर्व : गंगा प्रसाद
- सुमो सादगी के साथ कार्यकर्ता भाव से प्रदेश की सेवा की : डॉ मोहन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने को नगर के प्रमुख सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रविवार को किया गया। स्थानीय धर्मशाला गली स्थित अनारदेई खंडेलिया भवन में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ स्व सुशील मोदी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। इसके बाद शुभम मिश्र, रॉनी आर्यन एवं प्रमोद कुमार की भजन मंडली द्वारा ह्यरघुपति राघव राजारामह्न तथा ह्यमाटी के बनल शरीरियाह्न आदि भजन प्रस्तुत कर स्व मोदी को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने स्व सुशील कुमार मोदी के निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने भरे गले से आगे कहा कि स्व मोदी जी के साथ उनका पिछले 53 वर्षों का साथ रहा है तथा उन्होंने अपने शासकीय जीवन के लगभग नब्बे फीसदी निर्णय साथ-साथ बैठ कर लिए हैं। सचमुच यह वियोग असह्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्व सुशील जी की स्मृतियां ही हम सबों की शक्ति है। पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने स्व मोदी के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए एक व्यक्ति तथा राजनीतिज्ञ के रूप में उनकी क्षमताओं को अपूर्व बतलाया। श्री प्रसाद ने उनके अधूरे सपने को पूरा करने को कृतसंकल्प होने की जरूरत बताई। पटना सिटी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा, मारवाड़ी सम्मेलन सिटी के अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी, मारवाड़ी महिला समिति सिटी की अध्यक्ष विनीता डोकानिया आदि ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। प्रमुख रूप से महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार, पूर्व महापौर संतोष मेहता, रमन प्रकाश शाह, ईश्वर प्रसाद गोयनका, प्रदीप बरेलिया, पवन केजरीवाल, तारा झुनझुनवाला, संदीप ड्रॉलिया, विनोद कुमार झुनझुनवाला, डॉ राजीव गंगौल, दिलीप कुमार बागला, आचार्य विवेक द्विवेदी, इंदु अग्रवाल, श्वेता कानोडिया, मीना मोदी, राजकुमार गोयनका, सुभाष पोद्दार, संतोष कुमार सराफ, परमहंस तिवारी, भोला कुमार, संतोष कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, पटना सिटी के चेयरमैन गोविंद कानोडिया तथा संचालन शिक्षाविद् विजय कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन मारवाड़ी सेवा समिति व पाटलिपुत्र जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने किया। एक अन्य कार्यक्रम में स्व सुशील मोदी को विनम्र श्रद्धांजलि मंगल तालाब स्थित पाटलिपुत्र परिषद कार्यालय में की गई। इसमें आरएसएस के क्षेत्र कार्यवाह डॉ मोहन सिंह ने पुष्पांजलि करते हुए कहा कि सुशील जी सदैव सादगी के साथ कार्यकर्ता भाव से प्रदेश की सेवा की है। उन्होंने राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधि दोनों एक साथ समर्पण भाव से आगे बढ़ाया। प्रांत प्रचारक उमेश जी ने कहा कि सुशील जी राजनीतिक की किसी विषय पर गहराई से अपनी बातों को जनता के समक्ष रखते थे। वित्त मंत्री होने के नाते प्रदेश में काफी विकास किया। अध्यक्षता डॉ टीपी गोलवारा, संचालन महासचिव संजीव कुमार यादव और धन्यवाद ज्ञापन जदयू नेता अनंत अरोड़ा ने किया। शोक जताने वालों में शिव प्रसाद मोदी, गोविंद कानोडिया, कुमार दिनेश, मोहन चतुर्वेदी, विनोद किसलय, रामसेवक राय, रामानंद जी, आर्यन जी, सीताराम पोद्दार, ललित अग्रवाल, संतोष सराफ आदि ने पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दिया।

# संयुक्त किसान मोर्चा के सभी किसान नेता 22 मई को बक्सर करेंगे कूच



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार से जुड़े सभी किसान नेता 22 मई को बक्सर कूच करेंगे। प्रधानमंत्री के बक्सर आगमन से एक दिन पहले बक्सर में संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के बैनर तले किसान मौन प्रतिरोध मार्च निकालेंगे। एक स्वाति महीवाल को लात लगी तो मुजरिम जेल में, मगर बनारपुर,कोच्चाढी और मोहनपुरवा में दर्जनों 90 साल की बूढी माता जी और दुधमुंहे बच्चे सहित सैकड़ो महिलाओं पर जानलेबा हमला, लाठी डंडों से पीट-पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया।भीषण लाठी चार्ज,लूटपाट,तोड़-फोड़, सैकड़ो लोग घायल हुए,सैकड़ो लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाया गया और बेकसूर 33 पुरुष-महिला किसान महीनों से जेल में बंद है।परन्तु यह सारा कुकांड करने वाला बक्सर जिला प्रशासन का एक भी अधिकारी आज तक गिरफ्तार नहीं हुआ क्यों ? मोदी जी और नीतीश जी की डब्ल इंजन की सरकार, बक्सर आने से पहले, बक्सर के मतदाताओं को इसका जवाब दे। वर्ना संयुक्त किसान मोर्चा,बिहार के नेतृत्व में बक्सर के मतदाता काला झंडा से आपका स्वागत करने को मजबूर होंगे। संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के सभी नेतागण बक्सर और कैमूर जिला के गांवों में सघन अभियान चलाकर गांव-गांव में चौक चौराहे किसान चौपाल लगाकर किसानों को गोल बंद करेंगे और मोदी सरकार को बेनकाब करेंगे। मोदी को परास्त करो,उन्हें दंडित करो का नारा गांव-गांव में किसान लगाएंगे।

बक्सर जिला प्रशासन के जुल्मों सितम से तबाह और बर्बाद हुए किसान न्याय की गुहार लगाने न्यायालय के शरण में गए, पर वहां भी उन्हें न्याय की कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। चौसा कांड का मुजरिम बक्सर जिला प्रशासन न्यायपालिका को गलत सूचना देकर गुमराह कर रही है और गलत फैसला करवा रही है। जिसका उदाहरण है कि नरेंद्र तिवारी पिता चंद्रदीप तिवारी,महीनों से जेल में बंद है,पर उनके घर पर भी ढोल-बाजा के साथ कुर्की जप्ती का इश्तिहार चिपका दी गई। जबकि नरेंद्र तिवारी पिता स्व जग नारायण तिवारी जिनके नाम पर यह कुर्की नोटिस न्यायालय से निकला है। उस नाम का कोई व्यक्ति बनारपुर गांव में नहीं है। उसका कोर्ट से कुर्की का इस्तेहार निकलना हास्यास्पद है और आम लोगों के मन में संदेह पैदा कर रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा माननीय न्यायमूर्ति मुख्य न्यायाधीश महोदय पटना हाईकोर्ट से नम्र निवेदन करना चाहता है कि चौसा की घटना को स्वयं अपने संज्ञान में लेकर पूरे घटनाक्रम की छानबीन करें तभी चौसा के लगभग 23 गाँवों के किसानों को वाजिब न्याय मिल सकेगा। इसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा विशेष पहल करेगी।

जिला प्रशासन द्वारा लगातार दमनात्मक कार्रवाई कर लोगों को भयभीत कर रही है ताकि वे अपने-अपने गांव से पलायन कर जाए। लोकतंत्र के इस महापर्व में वे लोग भी भाग ले। इसके लिए चुनाव आयोग विशेष पहल करें और उन्हें वोट देने का मौलिक अधिकार दिलाए।

संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता दिनेश कुमार सिंह,अशोक प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिंह,अमेरिका महतो,शाहीद कमाल,संजीव कुमार, गोपाल शर्मा,मनोज कुमार,रामायण सिंह,मणिलाल,उडयन राय,मिथिलेश कुमार शर्मा,अशोक प्रियदर्शी,सत्येंद्र नारायण सिंह,उमेश सिंह,जनक देव सिंह,नरेश यादव,भोला यादव और वशिष्ठ शर्मा आदि ने अपना बहुमूल्य सुझाव बैठक मे प्रस्तुत किए।संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक डॉ श्यामनंदन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम इस बैठक में महान किसान नेता,ओजस्वी वक्ता,कई भाषाओं के विद्वान स्वामीनाथन कमीशन के एकमात्र किसान प्रतिनिधि किसानो के मशीहा स्व अतुल कुमार अंजान के लम्बी बिमारी के कारण लखनऊ के अस्पताल मे हुई आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए 2 मिनट मौन रखा गया।

# वार्डवार तीन स्थानों पर मतदाता पर्ची देने को आज कैंप

- वोटर पर्ची नहीं मिला, तो तख्तश्री गुरुद्वारा, ओपी साह भवन, पटना साहिब स्टेशन व अनुमंडल कार्यालय जाएं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

यदि बूथ लेवल ऑफिसर के द्वारा आपके घर पर मतदाता पर्ची अब तक नहीं पहुंचाया गया है, तो चिंता करने की बात नहीं है। अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी गुंजन सिंह के द्वारा तीन स्थानों पर पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए पर्ची वितरण का काम सोमवार को किया जाएगा। एसडीओ की ओर से जारी सूचना में सिटी नियंत्रण कक्ष के सोनू कुमार ने बताया कि जिन लोगों को वोटर पर्ची नहीं मिला है, ऐसे लोगों के लिए चार स्थान पर सोमवार को शिविर लगाया जा रहा है। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के वार्डवार वोटरों के लिए चार स्थान पर शिविर लगाया जा रहा है। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब परिसर में 20 मई को विशेष कैंप लगाया जा रहा है। यहां वार्ड संख्या 65, 66 एवं 67 के वोटर संपर्क कर वोटर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। वहीं वार्ड संख्या 69, 70, 71 और 72 के वोटर मालसलामी स्थित ओपी साह सामुदायिक भवन में सोमवार को लगने वाले शिविर में जाकर पर्ची को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं वार्ड संख्या 62, 63 एवं 68 के मतदाता पटना साहिब स्टेशन परिसर में लगे शिविर से मतदाता पर्ची ले सकते हैं। नगर निगम के वार्ड संख्या 52, 53, 54, 56, 57, 58, 59, 60 और 61 के मतदाता अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगाए गए शिविर में अपना मतदाता पर्ची प्राप्त कर सकते हैं।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत पटना साहिब विस क्षेत्र के शक्ति केंद्र में बैठक



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक की गई। इसमें सभी शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, वार्ड प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि भाजपा बूथ जितेंगे चुनाव जितेंगे अभियान के तहत काम कर रही है। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए प्रयास करेंगे। सभी मंडलों में अलग-अलग प्रभारी बैठक में शामिल हुए। इनमें पटना महानगर के महामंत्री विनय केसरी, संजय सिंह, सुदीप जी व शंभू केसरी प्रमुख हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए नवल किशोर सिन्हा, विनय कुमार, महेश पासवान, राजू जायसवाल, अजय पंडित, मनोज यादव, अनुज शर्मा, जितेंद्र मेहता, अमित सिंह, अखिलेश मेहता, शशिकांत शुक्ला, ओम पासवान, विकास वैध, हरेंद्र चंद्रवंशी, विरेंद्र पासवान, अशोक भारती, अजय आजाद, अशोक केसरी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख जुटे हुए थे।

# बिहार समृद्ध तभी होगा, जब लोगों को हम यहां स्थापित करें : सम्राट

## मासिक पत्रिका "कमल बिहार" का भाजपा के अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

- बिहार इंफ्लुएंसर मीट को भाजपा के अध्यक्ष ने किया संबोधित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार बिहार के बदलाव को लेकर आयोजित बिहार इंफ्लुएंसर मीट में बड़ी संख्या में आये युवाओं को देश , प्रदेश सहित अन्य चीजों के लिए भी पॉजिटिव सोच की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव सोच से कई चीजों को बदला जा सकता है। बिहार में बदलाव को जानने का सबसे बड़े मंच बिहार इंफ्लुएंसर मीट में बड़ी संख्या में युवक और युवतियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उप मुख्यमंत्री की बातों को ध्यान से सुना। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष श्री चौधरी ने भाजपा की मासिक पत्रिका कमल बिहार का भी लोकार्पण किया। श्री चौधरी ने मीट को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए कई चीजों को बेहतर करने की जरूरत है, लेकिन किसी भी विषय पर सही फैक्ट्स नहीं आ पाते हैं। आज यह जानना सबसे जरूरी है कि देश और बिहार विकसित कैसे हो। उन्होंने इस चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार को भी पॉजिटिव लेकर चला जाना चाहिए। यह प्रचार भी रास्ता दिखाने वाले होते हैं। इस मौके पर पार्टियां भी अपने समर्थकों को बेहतर तरीके से समझाने में सफल होते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जब हम सही रास्ते पर नहीं चलेंगे तब तक सफल नहीं होंगे। उन्होंने प्राचीन काल की चर्चा करते हुए भारत को सोने की चिड़िया बताते हुए इसके लूट की भी चर्चा की तो विरासत को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह वह बिहार है जहां कई विरासत हैं जिस पर सभी बिहारवासियों को गर्व है। आज यहां की आधारभूत संरचना को बढ़ाने और इस विरासत को दुनिया भर के बताने की जरूरत है। इसके लिए बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्री बाबू से लेकर नीतीश कुमार के कार्यकाल को भी समझना होगा। सभी के दौर में हुए परिवर्तन की जानकारी लेनी होगी। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि पॉजिटिव चीजों को लेकर आगे बढ़ा जाए तो सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हमारा बिहार समृद्ध होगा, यहां टैलेंट है। वैसे यह पूर्णतः समृद्ध तभी होगा जब हम बाहर से लोगों को बुलाकर स्थापित कर सके। इसके लिए हमें कार्य करना होगा। सभी वर्ग, सभी समुदाय की बात करनी होगी। इस बीच, भाजपा के अध्यक्ष श्री चौधरी ने भाजपा की मासिक पत्रिका कमल बिहार का लोकार्पण भी किया। इस पत्रिका का संपादन प्रदेश मीडिया के संयोजक दानिश इकबाल ने किया है। इकबाल ने बताया कि यह पत्रिका प्रति महीने प्रकाशित होगी, जिसमे पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से संबंधित लेख, उसकी कार्ययोजना और उससे लाभान्वित होने से सबंधित आलेख प्रकाशित किये जाते रहेंगे। उन्होंने बताया कि वास्तव में यह पत्रिका भाजपा बिहार का दर्पण है जिसे देखकर बिहार भाजपा को समझा जा सकता है। यह पत्रिका पार्टी के कार्यकताओं के अलावा आम लोगों को भी उपलब्ध हो सकेगा। भाजपा अध्यक्ष ने भी पत्रिका की प्रशंसा की। श्री चौधरी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि काम करने वाले कोई होता है लेकिन क्रेडिट लेने वाले बहुत लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग राजनीति को भी बड़े अच्छे तरीके से समझते हैं। यहां रोजगार और नौकरी को लेकर भी खूब चर्चा होती है। यह जानना आवश्यक है कि कब कौन कार्य हुआ। उन्होंने बताया कि 1990 से लेकर 2005 तक यहां 1 लाख लोगों को नौकरी मिली 2005 से 2020 तक करीब साढ़े सात लाख लोगों को नौकरी मिली। 2020 में हमलोगों ने 10 लाख नौकरी के वादे के साथ जनादेश प्राप्त किया। इसके बाद 2021 में शिक्षा विभाग की वैकेन्सी तय कर दी गयी। एनडीए के कार्यकाल में ही जातीय सर्वे तय हो गया। जानना यह जरूरी है कि वैकेंसी किसने बनाई। प्रदेश में बिना सीएम के कोई पॉलिसी नहीं बन सकती है। उन्होंने इस मौके पर और कई विकास योजनाओं की चर्चा की, लेकिन उन्होंने युवाओं को मूलमंत्र पॉजिटिव रहने का दिया। अंत मे इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि प्रत्येक दो से तीन महीने के अंतराल पर ऐसे लोगों से मिलते रहना सुकून देने वाला होता है। इससे बिहार और देश को आगे ले जाने के कई रास्ते भी खुद दिखेंगे। इस मौके पर सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक अनमोल शोभित ने प्रदेश अध्यक्ष श्री चौधरी को धन्यवाद ज्ञापित किया था कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया।

# विकसित भारत, विकसित बिहार, बीजेपी का संकल्प : नित्यानंद

## कहा-धर्म के आधार पर आरक्षण को कभी लागू नहीं होने देगी भाजपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय जनता दल के शीर्ष नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राजद का मकसद सिर्फ धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना है। ओबीसी के हक पर सेंधमारी करके लालू यादव के द्वारा मुसलमानो को आरक्षण देने के मंसूबे को भाजपा कभी कामयाब नहीं होने देगी। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम, काम और श्रीराम को जन समर्थन दे रही है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में रुकावट डालने वालों को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है और इसी का नतीजा है कि घमंडिया गठबंधन के लोग चारों खाने चुनाव में चित हो गए हैं। केंद्रीय गृह राजमंत्री नित्यानंद राय ने बिहार के लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी भी कीमत पर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी को भाजपा सफल नहीं होने देगी। महागठबंधन की पार्टी चाहे जितनी जोर लगा ले लेकिन धर्म के आधार पर आरक्षण को लागू करने की साजिश पर पानी फेर दिया जाएगा। श्री राय ने आगे कहा कि विकसित भारत, विकसित बिहार बीजेपी का संकल्प है और इस संकल्प में रुकावट डालने वालों को बिहार की जनता कतई माफ नहीं करने जा रही है। जिन चरणों के चुनाव बाकी है वहां पर जनता लोकतांत्रिक अधिकार के जरिए इसका जवाब देने का काम करेगी और उन ताकतों को बाहर का रास्ता दिखाएगी जो बिहार के विकास, खुशहाली, तरक्की, प्रगति में रुकावट बनने का काम कर रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने बिहार के लोगों को याद दिलाया की जंगलराज को लागू करने वाले चुनाव में मंगलराज की बात कर रहे हैं लेकिन सियार अगर शेर का खाल पहन ले तो सियार शेर नहीं बन सकता। राजद की पहचान अपराध, अपराधी, भ्रष्टाचार, परिवारवाद से है इसके सिवा राजद के लोगों का बिहार की जनता से कोई सरोकार ना है और ना होगा। नित्यानंद राय ने राजद परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू यादव ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति करने का काम किया है इसीलिए इनको तुष्टीकरण के सिवा कुछ और दिखाई ही नहीं देता। ओबीसी के अधिकार पर डाका डालने का काम हमेशा लालू परिवार ने ही किया लेकिन पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने दिया। मेरा सवाल लालू यादव जी से है कि आप इतने वर्षों तक केंद्र में सत्ता में रहने के बाद भी पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा क्यों नहीं दिला पाए? इस साजिश के सूत्रधार कौन-कौन लोग थे? अगर हिम्मत है तो उनके नाम का खुलासा करे जिन्होंने पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से रोकने का काम किया?

# इंडी गठबंधन को वोट देना जंगलराज को निमंत्रण देने के बराबर है:उमेश कुशवाहा

## बोलें-परिवारवादी ताकतों से मुक्ति पाने के लिए एकजुट होकर एनडीए को करें वोट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पांचवें चरण के चुनाव को लेकर बयान जारी कर बिहार एवं देशवासियों से एनडीए के पक्ष में एकजुट होकर मतदान करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का साख मजबूत हुआ है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीमारू राज्य कहे जाने वाले बिहार को नई पहचान दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए गठबंधन को दिया गया प्रत्येक वोट नए भारत-नए बिहार के निर्माण में निर्णायक भागीदारी पेश करेगा इसलिए हमें जाति, धर्म और मजहब की सीमाओं से बाहर निकलकर विकास के लिए वोट देना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष की मंशा झूठ फैलाकर सत्ता प्राप्त करने की है, उनके पास मुद्दों का अभाव है इसलिए दुष्प्रचार के भ्रमजाल में जनता को फंसाना चाहते हैं। एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की बात कर रहें हैं तो दूसरी ओर विपक्ष सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को वोट देने का साफ मतलब है जंगलराज को निमंत्रण देना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया है, यह प्रदेश अब दुबारा जंगलराज की असहनीय पीड़ा को झेलने के लिए तैयार नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार चरणों के चुनाव में एनडीए के पक्ष में भरपूर मतदान हुए हैं, पांचवें चरण के चुनाव में जहां भी मतदान होने हैं वहाँ एनडीए की स्थिति बेहद मजबूत है। चुनाव से पहले हमनें बिहार की सभी 40 सीटों पर चुनाव जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया था और हमें इस बात की प्रसन्नता है कि अपने लक्ष्य की ओर हम मजबूती से बढ़ रहें हैं। साथ ही देश में 400 पार का लक्ष्य भी पूरा होगा और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में सशक्त सरकार बनेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की भी अपील की।

# दलितों-पिछड़ों व अतिपिछड़ों के लिए खतरा हैं राजद-कांग्रेस: राजीव



पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि नमो-नीतीश राज में दलितों-पिछड़ों व अतिपिछड़ों के हुए सशक्तिकरण से सबसे ज्यादा कष्ट राजद-कांग्रेस जैसे परिवारवादी दलों को हुआ है। लोग भूले नहीं है कि पहले कैसे यह दोनों पार्टियां इन गरीब जातियों को अपने गुंडों-दबंगों से डरा-धमका कर उनके वोटों को लूट लिया करते थे। कई जगहों पर इनके पूरे गांव को वोट डालने से रोक दिया जाता था। इसी तरह से इन दलों ने दशकों तक राज किया और अकूत संपत्ति अर्जित की। लेकिन एनडीए राज में दलितों-पिछड़ों व अतिपिछड़ों को पूरी ताकत व सुरक्षा मिली। उसी के परिणाम स्वरूप यह दोनों दल सत्ता से बाहर हैं। यदि इन्हें गलती से भी मौका मिला तो यह लोग गरीब जातियों को फिर से गर्त में पहुंचा देंगे। उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि इनके राज में सर्वाधिक शोषण इन्हीं गरीब जातियों का हुआ। उस समय होने वाले नरसंहारों में सबसे ज्यादा दलित-पिछड़े व अतिपिछड़े ही मरते थे। राजद-कांग्रेस के गुंडे गरीब जातियों की बहु-बेटियों को खुलेआम उठा लिया करते थे, वहीं पुलिस-प्रशासन सत्ता के डर से इन समाजों के केस तक दर्ज नहीं करते थे। छोटे-मोटे काम धंधे करने वाले लोगों को भी रंगदारी देना पड़ता था, नही तो उनकी दुकानों और ठेलों को लूट लिया जाता था। राजद-कांग्रेस राज्य को फिर से उसी हालत में लाना चाहते हैं। राजद-कांग्रेस को गरीबों के लिए खतरा बताते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में आज राजद-कांग्रेस की निगाह में दलित-पिछड़े और अतिपिछड़े उनके सबसे बड़े दुश्मन हैं। चूंकि इन जातियों की संख्या राज्य में सर्वाधिक है इसीलिए यह दल अपनी हार के लिए इन गरीब जातियों को जिम्मेवार मानते हैं। अगर गलती से इन्हें ताकत मिल गयी तो यह अपनी हार का बदला इन जातियों से जरुर लेंगे।

## आप बिहार के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में किया चुनाव प्रचार



पटना। आगामी 25 मई को दिल्ली के कुल सात सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के सभी उम्मीदवारों को जीताने के लिये पूरे देश से आप कार्यकताओं ने दिल्ली में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आप बिहार के सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में घर घर जाकर लोगों से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिये वोट माँगे। इसी क्रम में आप बिहार के चुनाव प्रभारी सह दिल्ली में बादली विधानसभा के लोकप्रिय विधायक अजेश यादव के निर्देश पर आप बिहार के कार्यकताओं ने दिल्ली में आप के उम्मीदवार कुलदीप कुमार के लिये जगह जगह पर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से लोगों से वोट माँगें। मौके पर आप के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा, धीरेंद्र चौधरी, श्रीवत्स पुरुषोत्तम, नोबासिर रहमान, रितेश यादव, दिनेश सैनी, ओ. पी. तिवारी, रमेश वर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

# आरोपी नेताओं के अधूरे गठबंधन को नकार चुकी है जनता : विजय

- पीएम का आना बिहार के प्रति उनके विशेष लगाव की निशानी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि लोकसभा का चुनाव क्षेत्रीय आकांक्षाओं को सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय विकास के लक्ष्य को पूरा करने का चुनाव होता है । इसलिए हम मोदी जी की सरकार द्वारा हर क्षेत्र की खास जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जो काम हुए हैं, उसके साथ लोगों के बीच जा रहे हैं । पिछले दस साल का रिपोर्टकार्ड यह कहता है कि इस सरकार ने हर क्षेत्र में परफॉर्म, रिफार्म और ट्रांसफॉर्म के अपने संकल्प को पूरा किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि इस चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं, उनकी अपेक्षाओं को संबोधित कर रहे हैं। अपनी व्यस्तताओं के बीच कई राज्यों में रात्रिविश्राम भी कर रहे हैं, जबकि चुनाव जीतने के लिए उनकी गारंटी ही काफी है । बिहार में तो वे दूसरी बार रुकेंगे। इससे पता चलता है कि बिहार के प्रति उनके मन में विशेष लगाव है। श्री सिन्हा ने कहा कि दूसरी तरफ सजायाफ्ता पिता और आरोपी पुत्र की जोड़ी राष्ट्रीय संकल्प के इस चुनाव को पंचायत चुनाव बनाने पर तुली है। न इनके पास अपनी कोई सोच है, न संकल्प है और न ही देश चलाने का सामर्थ्य है । पिछले चुनाव में शून्य पर आउट होने के बाद भी ये खुद को सुधार नहीं पाए हैं । इन्हें लोगों को बताना चाहिए कि जब 15 वर्षों तक राज्य इनकी सरकार थी तो शिक्षा और रोजगार की क्या उपलब्धि थी ? राज्य से इतनी बड़ी संख्या में पलायन क्यों हुआ ?जातीय नरसंहार के दोषियों को सजा क्यों नहीं मिली ? उसकी जगह उनको चुनाव मैदान में उतारने कर क्या संदेश देना चाहते हैं ? संगठित अपराध और आतंकवाद को पोषित कर संविधान और लोकतंत्र की कैसी मिसाल ये पेश कर रहे थे ? श्री सिन्हा ने कहा कि 34 वर्षीय स्कूल ड्रॉप आउट शहजादे को जरा अध्ययन कर लेना चाहिए कि इनके माई-बाप की सरकार में बिहार में क्या-क्या कुकृत्य हुए थे ? इनके परिवार ने बिहार को लालटेन के अंधेरे में रखा था, हमने उसे बिजली के उजाले में पहुंचाया । इन्होंने चरवाहा विद्यालय की चहारदीवारी बनायी, हमने उस चाहरदीवारी में इंजीनियरिंग कॉलेज खोला । इनके दौर में महिलाओं के साथ जघन्य अपराध होते थे, हमने महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर बल दिया। इन्होंने युवाओं को केवल गोली और गाली का विकल्प दिया था, हमने उन युवाओं के भीतर शिक्षा, कौशल और रोजगार का संकल्प भरा। श्री सिन्हा ने कहा कि इस चुनाव के जनादेश की दिशा शुरू से ही स्पष्ट है । आरोपी नेताओं के अधूरे गठबंधन इंडी अलायंस के फैलाए भ्रम के मायाजाल को जनता सिरे से खारिज कर चुकी है । 4 जून को मोदीजी के नेतृत्व में प्रचण्ड बहुमत के साथ एक बार फिर एनडीए की गारंटी वाली सरकार बनने जा रही है।

# पूर्व विधायक सतीश कुमार समर्थकों के साथ राजद में हुए शामिल

- लालू प्रसाद के समय 2500 प्रोफेसर की हुई बहाली : जगदानंद
- संविधान को समाप्त करने की हो रही साजिश : मनोज
- समाज सामाजिक न्याय और संप्रदायिक सद्भाव के लिए राजद प्रतिबद्ध : सतीश



पटना। तीन बार के विधायक रहे और लोजपा के वरिष्ठ नेता सतीश कुमार ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रविवार को राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गये। राजद कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एवं राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ने सदस्यता रसीद, पार्टी का प्रतीक चिन्ह गमछा एवं लालू प्रसाद के संसदीय जीवन और संघर्षों पर आधारित पुस्तक गोपालगंज टू रायसीना देकर सतीश कुमार और उनके समर्थकों को सम्मानित किया। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सतीश जी ने सोशल जस्टिस की लड़ाई मजबूती से लड़ी है। इनके आने से पार्टी और मजबूत होगी। श्री सिंह ने आगे कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद के समय 2500 प्रोफेसर की बहाली की गई और सात विश्वविद्यालयों की स्थापना हुई। जिन गरीबो के बच्चे स्कूली शिक्षा ग्रहण करने में कहीं ना कहीं अपने पेशे के कारण असमर्थ थे, उनके लिए लालू प्रसाद ने चरवाहा विद्यालय की स्थापना किया। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार बिहार इस कारण आ रहे हैं कि तेजस्वी प्रसाद यादव ने जो नौकरी और रोजगार नौजवानों को दिए हैं और 24 जन वचन के माध्यम से आगे भी अपने संकल्पों को पूरा करने का जो वचन दिया है उसके कारण भाजपा बेचैनी में है। जनता का विश्वास और समर्थन तेजस्वी प्रसाद यादव को मिल रहा है। बिहार के लोग कह रहे हैं नौकरी मतलब तेजस्वी उसी के कारण प्रधानमंत्री को बार-बार बिहार आना पड़ रहा है। आगे कहा कि 2005 के बाद 17 वर्षों के कार्यकाल में एनडीए सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर कभी नौकरी और रोजगार दी थी ,जो 17 महीने में तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के रहते हुए मिली। यह बातें उनको बतानी चाहिए जो इस तरह की बातों का सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान को समाप्त करने की दिशा में साजिश चल रही है क्योंकि वह नहीं चाहते हैं कि गरीबों, वंचितों की बात कोई करे। मंडल कमीशन की सार्थकता और प्रासंगिकता को खत्म करने की साजिश भी चल रही है,इसके खिलाफ हमें सचेत रहना होगा । पूर्व विधायक सतीश कुमार ने कहा कि लंबे राजनीतिक जीवन के बाद आज सामाजिक न्याय और संप्रदायिक सद्भाव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता लेकर मुझे खुशी हो रही है। कहा कि वामपंथी दल से राजनीति शुरूआत की थी । मैंने देखा कि लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव ने देश की एकता अखंडता और गंगा-जमुनी संस्कृति को बचाने का जो संकल्प लिया है उसको मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। सांप्रदायिकता के खिलाफ मजबूती से राष्ट्रीय जनता दल लड़ रहा है, इसका एहसास उस समय ही हो गया जब आडवाणी के रथ को रोक लालू जी ने देश को बचाने का काम किया। राष्ट्रीय जनता दल समाज सामाजिक न्याय और संप्रदायिक सद्भाव के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर मुंगेर से लोकसभा प्रत्याशी अनीता देवी, अशोक महतों प्रदेश प्रवक्ता डॉ अजय कुमार सिंह, एजाज अहमद,अरुण कुमार यादव ,प्रमोद कुमार सिन्हा , संजीव कुमार मिश्रा, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# चार चरणों में मिली हार के कारण बार-बार बिहार आ रहे प्रधानमंत्री : भाकपा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि बिहार में चार चरणों के लोकसभा चुनाव में राजग को मिली करारी हार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बार-बार बिहार आने के लिए विवश कर दिया है। पांचवें चरण में 20 मई 2024 को बिहार की पांच लोकसभा सीट मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण और हजीपुर में होने वाले चुनाव में भी राजग की हार तय है। बिहार के मतदाता इस बार साम्प्रदायिकता और फासीवाद के खिलाफ वोट कर रहा है। संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करने वाले के झांसे में बिहार की जनता आने वाली नहीं है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री अब तक बिहार में 10 सभा और एक रोड शो कर चुके हैं और वे पुनः 20 मई को पटना आ रहें हैं। इससे साफ हो गया है कि प्रधानमंत्री बिहार से भयभीत है। बिहार के आम मतदाता भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के खिलाफ जनादेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी लोकसभा सीटों पर दलितों का वोट भी महागठबंधन के उम्मीदवारों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के जो नेता बिहार दौरे पर आते हैं साम्प्रदायिकता का जहर घोलने का कार्य करते है और समाज में नफरत फैलाते है जिसका जवाब बिहार की जनता दे रही है। बिहार के लोग महंगाई, बेरोजगारी और साम्प्रदायिकता के खिलाफ तथा संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान कर रहा है।

## नीतीश कुमार के शासन में शिक्षा व्यवस्था बेहतर : नीरज



पटना। जदयू विधानपार्षद सह मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू-राबड़ी के 15 साल के कुशासन को लेकर तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पति और पत्नी के शासनकाल में बच्चों को अच्छी शिक्षा के बदले चरवाहा बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि मुख्यंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में महज 5 रुपए प्रति महीने में छात्र-छात्राएं पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहे हैं और इंजीनियर कहला रहे हैं। जबकि लालू-राबड़ी शासनकाल के दौरान साढ़े चार रुपए प्रति महीने में बच्चों को चरवाहा विद्यालय में चरवाहा बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के राज में 113 चरवाहा विद्यालय खोले गए, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में 44 पॉलिटेक्निक संस्थान खोले गए। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव को नीतीश कुमार के शासनकाल और लालू-राबड़ी शासनकाल की तुलना करने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव खुद बताएं कि कौन सी शिक्षा बेहतर है ? उनके माता-पिता के शासनकाल की या फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल की ?

# हुड़दंगियों की खैर नहीं ! सोशल मीडिया पर बिहार पुलिस की पैनी नजर

## सोशल मीडिया सेंटर में बिहार पुलिस कर रही चौबीसों घंटे काम

- शिकायत मिलने पर हो रही त्वरित कार्रवाई, कई अपराधी गिरफ्त में

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



हाल के दिनों में बिहार पुलिस ने अपनी कार्यशैली में बहुत बड़ा बदलाव किया है। बिहार पुलिस अब सिर्फ थाने स्तर तक ही सीमित नहीं है,बल्कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है और यहां मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के जरिए आपराधिक मानसिकता वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। वहीं, फर्जी अकाउंट बनाकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर के माध्यम से उचित कार्रवाई की जा रही है। इस पहल से बिहार पुलिस गर्व से कह सकती है कि सोशल मीडिया सेंटर अपराध पर लगाम लगाने के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्डर की भूमिका निभा रहा है। इसी का परिणाम है कि आमलोगों के द्वारा इन प्रयासों की सराहना की जा रही है।

**हर्ष फायरिंग से जुड़ी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई :**

हाल ही में हुई एक घटना की बात करें तो 5 मई 2024 को सिवान जिले के मैरवा के एक युवक द्वारा ऑर्केस्ट्रा में पिस्टल लहराने से जुड़ी शिकायत बिहार पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्राप्त हुई, जिसके बाद बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर ने संबंधित जिला पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नतीजतन, अगले दिन ही अवैध हथियार का प्रदर्शन करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। इस प्रकार के विभिन्न मामले बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर में लगभग प्रतिदिन आते हैं, जिनपर बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की टीम तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करती है। इन दिनों लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर की टीम चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर काम कर रही है, ताकि राज्य में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न हो सके। हाल ही में सीतामढ़ी के प्रशांत यादव नामक युवक का स्टंट करता एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। बिहार पुलिस की सोशल मीडिया सेंटर की टीम ने उसे ट्रैक कर संबंधित थाने को भेजा, जिसके बाद सीतामढ़ी पुलिस ने उस लड़के का पता लगाया और उसके घर जाकर उसकी बुलेट बाइक जब्त की। उसके बारे में शिकायत मिल रही थी कि वह खुद हुड़दंग करता ही है, बाकियों को भी इसके लिए भड़काता है। वहीं, गोपालगंज से भी एक लड़के का हथियार दिखाते रील्स वायरल हुआ था, जिसपर सोशल मीडिया सेंटर में कार्यरत बिहार पुलिस की टीम ने ट्रैक कर संबंधित थाने को भेज दिया। चंद घंटे में ही एक देसी कट्टा के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**दर्जनों सस्पीसियस सोशल मीडिया अकाउंट बंद कराये गए :**

पिछले 2 महीने में बिहार पुलिस के सोशल मीडिया सेंटर पर काम कर रही टीम ने विभिन्न प्लेटफॉर्म पर 300 से अधिक सस्पीसियस सोशल मीडिया अकाउंट को चिन्हित कर ईओयू को भेजा है। इसके बाद ईओयू की ओर से दर्जनों अकाउंट पर एक्शन लेते हुए कुछ पर एफआईआर दर्ज की गई है, तो तीन दर्जन से ज्यादा अकाउंट बंद भी करवाए गए। सोशल मीडिया सेंटर पर मुख्यतः बाइक से स्टंट करने, हथियार दिखाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने आदि की शिकायतें मिलती हैं।

# पूर्व राज्यपाल ने साहित्य सम्मेलन के श्याम बिहारी अलंकरण-कक्ष का किया लोकार्पण

## कहा- गुणवत्तापूर्ण मूल्यवान जीवन के आदर्श उदाहरण हैं कवि श्याम बिहारी प्रभाकर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



आयोजित हुई कवि-गोष्ठी ।

सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद द्वारा रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन सभागार का नव-विकसित अलंकरण-कक्ष लोकार्पित हुआ। इस अलंकरण-कक्ष को, ९२वें वर्षीय कवि और रंगकर्मी श्याम बिहारी प्रभाकर के सम्मान में समर्पित किया गया है । अपने लोकार्पण उद्गार में पूर्व राज्यपाल ने श्री प्रभाकर को ह्यगुणवत्तापूर्ण मूल्यवान जीवन का आदर्श उदाहरण बताया। श्री प्रसाद ने कहा कि उसी व्यक्ति को संसार स्मरण रखता है, जिसका जीवन लोक-मंगलकारी होता है। जिसके जीवन से शिक्षा मिलती हो, जो अनुकरणीय हो, उसकी आयु चाहे जितनी हो, उसके यश की आयु बहुत लम्बी होती है। यह अत्यंत प्रसन्नता-दायक है कि प्रभाकर जी की लौकिक आयु भी लम्बी है और कामना करता हूँ कि इनकी यशो आयु भी बहुत लम्बी हो ! इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल ने श्री प्रभाकर को अंग-वस्त्रम प्रदानकर सम्मनित भी किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि प्रभाकर जी का जीवन जिजीविषा और जिवटता का उदाहरण है। एक कलाकार और कवि के रूप में इनकी पर्याप्त ख्याति है। इनका एकल अभिनय आज भी मर्म को स्पर्श करता है। इनकी कविता का मूल-स्वर मानवतावादी है। अपने अध्यक्षीय उद्गार में सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि प्रभाकर जी दोष-रहित सार्थक जीवन के सुंदर उदाहरण हैं। स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की प्राप्ति किस प्रकार की जा सकती है, यह प्रभाकर जी के जीवनादर्श से सीखा जा सकता है। एक कवि और रंगकर्मी के रूप में इन्हें आदरणीय स्थान प्राप्त है। साहित्य सम्मेलन ने इनके जीवन-काल में ही सम्मेलन का अलंकरण-कक्ष इनके नाम से समर्पित कर एक वयोवृद्ध कवि-रंगकर्मी के प्रति सम्मान प्रकट किया है। वरिष्ठ कवि बाबूलाल मधुकर, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, बच्चा ठाकुर, डा अशोक प्रियदर्शी, रेखा मोदी, विनोद कुमार गुप्ता, डा मेहता नगेंद्र सिंह, डा आर के अरुण, डा श्रीकांत शर्मा, के बी राय, डा नागेश्वर प्रसाद यादव, सुनीता विकास तथा पी एन दूबे ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा श्री प्रभाकर के शतायु होने की मंगल कामना की। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन में, वरिष्ठ कवि मधुरेश नारायण, डा पुष्पा जमुआर, डा अर्चना त्रिपाठी, मधुरानी लाल, डा ओम् प्रकाश जमुआर, कुमार अनुपम, जय प्रकाश पुजारी, डा शालिनी पाण्डेय, सिद्धेश्वर, नीता सहाय, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, प्रियंका कुमारी, लता प्रासर, सुधा पाण्डेय, अश्विनी कुमार, शुभ चंद्र सिन्हा, कमल किशोर कमल, डा प्रतिभा रानी, इंदु उपाध्याय, सदानन्द प्रसाद, ई अशोक कुमार, राजप्रिया रानी, कमल दास राय, शशिकांत राय, सुनीता रंजन, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपनी मधुर काव्य-रचनाओं से उत्सव में रस और उल्लास का सृजन किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा, ई अवध बिहारी सिंह, बाँके बिहारी साव, श्रीकांत व्यास, शंकर शरण मधुकर, निर्मला गुप्ता, मीरा देवी, प्रेमलता सिंह राजपुत, नम्रता प्रसाद, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, डा रमाकान्त पाण्डेय, मंजू गुप्ता, प्रेमानंद प्रसाद, डा चंद्रशेखर आजाद, आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विषपान से किशोरी की हुई मौत

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में विषपान करने से एक किशोरी की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। लोगों के मुताबिक शनिवार की शाम उक्त किशोरी विषपान कर ली। विषपान कर सोने चली गई। परिजन को जब शंका हुआ तब परिजन ने जाकर देखा तो विषपान कर सोये हुई थी। जहां परिजन ने स्थानीय अस्पताल में ले गया। ईलाज के दौरान मौत हो गई। इस बात की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को जब्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारियां ने बताया कि परिजन के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

### दरवाजे पर से बाइक की हुई चोरी

मुरलीगंज (मधेपुरा) थाना क्षेत्र के रजनी पंचायत नया नगर वार्ड 17 से बीते शुक्रवार की रात दरवाजे पर खड़ी एक बाइक की चोरी के मामले में ग्रामीण के द्वारा एक चोर को बाइक सहित पकड़कर पुलिस को सुपुर्द किया गया। घटना को लेकर पीड़ित सूरज साह ने थाना को दिये आवेदन में बताया कि शुक्रवार की रात अपने नीज दरवाजे पर मोटरसाइकिल खड़ी कर के रखे हुए थे। स्वजन के साथ खाना खाने के बाद द्वार पर आये तो गाड़ी नही देख इधर उधर खोजबीन करने लगे। लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित बताया कि चारो तरफ फैलाए सूचना के आधार पर पता चला की एक युवक गंगापुर में गाड़ी के साथ देखा गया है। सूचना के बाद गंगापुर पहुंचा तो पाया कि उसके गाड़ी को दो युवक मिलकर बेचने के फिराक में था। जिसे ग्रामीणों के द्वारा घेरने का प्रयास किया गया, तो एक युवक फरार हो गया। दूसरे युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। युवक की पहचान सिंग्यिान पंचायत के धरहरा वार्ड 5 निवासी अमित कुमार के रूप में किया गया। मामले में प्रभारी दुर्गेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणो ने एक युवक को बाईक सहित पकड़कर दिया है। आवेदन प्राप्त हुआ है। कार्रवाई की जा रही है।

### सृष्टि फाउंडेशन की छात्रा जयश्री जयंती को बेंगलुरु में मिला सम्मान

दरभंगा।कर्नाटक के बेंगलुरु में स्थित इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ वर्ल्ड कलचर में कलिंङ्गाना तौर्यतृकम भुवनेश्वर द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य (ओडिसी विधा) में सृष्टि फाउंडेशन लहेरियासराय ब्रांच की छात्रा जयश्री जयंती ने अपने अद्भुत ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध किया। आर. एस टैंक लहेरियासराय निवासी अधिवक्ता डॉ. मनोज कुमार चौधरी एवं गृहणी सविता चौधरी की 13 वर्षीय पुत्री जयश्री जयंती ने सृष्टि फाउंडेशन के गुरु नयन मांझी के सानिध्य में ओडिसी नृत्य में बसंत पल्लवी तथा दुर्गा स्तुती की प्रस्तुति कर वाहवाही लुटी। मेडोना स्कूल की सप्तम वर्ग की छात्रा जयश्री जयंती को इस खास प्रस्तुति के उपरांत मुख्य अतिथि श्री विनीत सुरेश के हाथों मुमेंटों और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस खास मौके पर ओडिशा के ओडिसी नृत्य गुरु विदुषी पुष्पिता मिश्रा ने उनके इस कामयाबी पर उनके माता पिता को बधाई दिया। सृष्टि संस्था के संस्थापक जयप्रकाश पाठक ने जयश्री जयंती के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ में अपने उद्बोधन में कहा की निशिचित तौर पर जयश्री जयंती के इस कामयाबी से बिहार के मिथिलांचल में ओडिसी नृत्य सिख रहे बच्चों मे एक नई उर्जा का संचार होगा।

# सदर अस्पताल का बाउंड्री वाल गिरने से मलबे में दबा युवक, पैर और सिर बुरी तरह से फ्रैक्चर

## घायल युवक के इलाज का पूरा खर्च वहन करेगी मॉडल अस्पताल की निर्माण एजेंसी, कराया निजी अस्पताल में भर्ती

समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता



शहर के आरपी मिश्रा रोड में रविवार की सुबह सदर अस्पताल के बाउंड्रीवाल के गिरने से उसमें एक युवक मलबे में दब गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा आनन-फानन में मलबे से किसी तरह से निकाला गया और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना में युवक का पैर और सिर बुरी तरह से फ्रैक्चर हो गया है। घटना सुबह 9 बजे के करीब का बतायी गई है। घायल युवक की पहचान अंगारघाट थाना क्षेत्र के बिरनामा सुपौल निवासी अवध साह के पुत्र रोहित कुमार (23 वर्ष) के रूप में हुई है। घायल युवक के परिजनों व स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल में बन रहे मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्य को लेकर भारी मात्रा बालू रखा गया है। बाउंड्री वॉल सटाकर ही करीब 25-30 फीट ऊंचा बालू का ढेर रखा हुआ है। जिसके वजन के कारण पहले से कमजोर करीब 80 फिट लंबा बाउंड्री वॉल भरभराकर गिर पड़ा। इसमें कई बाइक व गुमटी की दुकानें मलबे में दब गई। रविवार होने के कारण लोगों की चहल-पहल कम थी, नहीं तो इसमें कई लोगों के हताहत होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। घटना की सूचना पर पहुंचे सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच की जाएगी। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती घायल युवक का हाल-चाल भी लिया। इस दौरान उनके साथ सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी भी मौजूद थे। लोग सदर एसडीओ दिलीप कुमार से घायल के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। वहीं मॉडल अस्पताल निर्माण एजेंसी के द्वारा घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए शहर के निजी अस्पताल में ले जाया गया है। वहीं सदर अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सदर अस्पताल में बाउंड्री वाल सटाकर रखे गए बालू व अन्य सामग्री को लेकर संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करायी गई है। घटना के संबंध में घायल रोहित के चचेरे भाई संतोष कुमार ने बताया कि रोहित के पिता पहले चाय की दुकान चलाते थे और अभी शहर में ई-रिक्शा चलाते हैं। रोहित प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था और उसकी पढ़ाई के लिए हर रोज अपने घर से शहर आता था। घटना के दिन भी वह शहर आया हुआ था और सदर अस्पताल के बाउंड्री वॉल से सटे एक चाय दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान सदर अस्पताल का बाउंड्री वाल भरभराकर गिर गया और वह उसके मलबे में दब गया। घटना के वक्त वहां पर एक युवक और खड़ा हुआ था, जो इस घटना में बाल-बाल बच गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल के डीएस डॉ गिरीश कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ विश्वजीत रामानंद ने इमरजेंसी वार्ड में भर्ती घायल युवक का हाल-चाल जाना और तैनात चिकित्सक को घायल के इलाज के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस घटना के बाद रोहित के पिता अवध साह का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ था और वह सदर अस्पताल में बेसुध पड़े हुए थे। प्रत्यक्षदर्शी सुधा दुकानदार रामनरेश सिंह ने बताया कि शनिवार की रात में बाउंड्री वॉल सटाकर जेसीबी के माध्यम से बालू का ऊंचा ढेर किया गया था। बालू के वजन के कारण बाउंड्री वॉल टूटकर गिरने से यह घटना हुई है। 25-30 लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद मलबे के ढेर से घायल युवक को बाहर निकाल कर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं आरपी मिश्रा रोड में चाय की दुकान चलाने वाले चंदन कुमार राम बताते हैं कि शनिवार की रात घटनास्थल के पास नगर निगम के द्वारा जेसीबी के माध्यम से स्लैब हटाकर नाला की उड़ाही किए जाने व बालू के वजन से पहले से दबा हुआ बाउंड्री वॉल के टूटकर गिरने के कारण यह हादसा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार व्हाट्सएप पुराने बिना पिलर के इस बाउंड्री वॉल का मिशन 60 योजना के तहत लगभग एक साल पहले जीर्णोद्धार किया गया था। हालांकि उसमें भी घोर अनियमितता बरते जाने की शिकायत लोग कर रहे थे। वहीं इस संबंध में सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि घायल का उपचार कराया जा रहा है। घटना की जांच के लिए टीम गठित की जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में शिक्षक गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले की मनियारी थाने की पुलिस ने चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है।शिक्षक को स्कूली बच्चों के माध्यम से उनके परिजनों पर एक खास पार्टी को वोट नहीं देने का दबाव बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.। बीजेपी को वोट नहीं देने का पाठ पढ़ाने वाले इस शिक्षक के विरुद्ध चुनाव आयोग ने सख्त कार्रवाई करने को कहा है।चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।. मनियारी थानाध्यक्ष उमाकांत सिंह ने शिक्षक की गिरफ्तारी की पुष्टि की है. मामला जिले के कुढ़नी प्रखंड का है, जहां अमरख मध्य विद्यालय के शिक्षक हरेंद्र रजक पर स्कूल के बच्चों ने आरोप लगाया है कि स्कूल के टीचर हरेंद्र रजक उनको सिखाते हैं कि मोदी जी जो पांच किलो अनाज देते हैं, वह सड़ा-गला होता है. 5 किलो राशन भीख जैसा लगता है।. इसलिए अपने-अपने माता-पिता को जाकर कहना कि मोदी के कमल छाप पर वोट न दें।जब बच्चों ने शिक्षक की इस सलाह से अपने माता-पिता को अवगत कराया तो यह बात सुनकर वे हैरान रह गये। पूरे गांव में यह बात आग की तरह फैल गयी। इसके बाद बच्चों के माता-पिता और ग्रामीण स्कूल पहुंच गये और उस टीचर का विरोध करने लगे। स्कूल के शिक्षक पर छोटे-छोटे नाबालिग बच्चों को गुमराह करने का आरोप लगाने लगे। उन्होंने हरेंद्र रजक पर राजनीतिक पार्टी विरोधी मानसिकता पैदा करने की बात कही। हरेंद्र रजक समेत कई शिक्षक अभी छह बजे से स्कूल के परिचालन का भी लगतार विरोध कर रहे हैं।ग्रामीणों ने स्कूल के टीचर पर बच्चों को पढ़ाने की जगह माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए शिक्षक हरेंद्र रजक के खिलाफ जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग की। चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों का उल्लंघन करने का आरोप भी लगाया। चुनाव आयोग के निर्देश पर मनियारी थाने की पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## सशस्त्र सीमा बल ने मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली निकाला



प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी 48 वीं वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट की मौजूदगी में वाह्य सीमा चौकी खौना से मेरी लाइफ कार्यक्रम के तहत एक साईकल रैलि का आयोजन किया गया जिसमे 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के गोविंद सिंह भण्डारी कमांडेंट हरने समवाय के प्रभारी विगनेश टी सहायक कमांडेंट अधीनस्थ अधिकारीगण, जवानों, खोना गांव के मुखिया हरि नारायण साहनी ग्लैक्सी एजुकेशन डॉट पॉइंट स्कूल के अध्यापक संजय पासवान बार्डर एरिया में रहने वाले रथानीय लोगो एवम स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इसका सुभारंभ वाह्य सीमा चौकी खौना के मुख्य द्वार से भारत माता की जय के नारे से हुआ और आगे यह रैली छ्तोनी से करुणा से अंदर वाले राशते से होते हुए विशोल गांव, दुम्हारिया एवम बेरहा होते हुए वापिस वाह्य सीमा चौकी खौना के समीप वाइवरैट विल्लेज खोना में पहुँच कर रैली को सम्पन्न किया गया।अंत में गोविंद सिंह भंडारी कमांडेंट 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने अपने वक्तव्य में भारत सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम मेरी लाइफ कार्यक्रम पर प्रकाश डाला और आने वाले समय में हमारे जीवन पर इसका क्या क्या प्रभाव होगा इससे अवगत कराया और साथ में ही भारत सरकार के द्वारा बॉर्डर एरिया में वाइब्रेंट विलेज बनाने के मकसद को बड़ी ही गहराई से समझाया और अंत में भारत माता की जय के नारे के साथ मेरी लाइफ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## लीची बागान से वाहन चालक का शव बरामद, गला घोंट हत्या की आशंका



समस्तीपुर, प्रातः किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पूसा थाने के महमदा गांव स्थित लीची बगान में रविवार को एक निजी वाहन चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक का शव बगान में खजुर के पेड़ के सहारे बैठा कर बंधा गया था। युवक की हत्या बेल्ट से गला घोंट कर की गई है। मृतक की पहचान गांव के विजय पासवान के बेटे अरुण पासवान (36) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। मृतक के चाचा अजय पासवान ने बताया कि उनका भतीजा अरुण टैक्सी चलाने का काम करता था। शनिवार रात करीब साढे आठ बजे वह घर से निकला था। घर के लोगों को लगा कि वह कही लगन में जा रहा है। रात भर वह घर नहीं लौटा। मोबाइल भी बंद मिल रहा था। परिवार के लोग खोजबीन कर ही रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब दस बजे सूचना मिली कि महमदा लीची बगान में एक शव पड़ा हुआ है। परिवार के लोग लीची बगान पहुचे तो देखा खजुर के पेड़ के पास अरुण का शव बैठा कर रखा हुआ है। गले पर घोंटे जाने का निशान था। उसका चप्पल आदि भी वहीं पर पड़ा हुआ था। पास की मिट्टी पर काफी हुड़दंग का निशान था। जिससे माना जा रहा है कि अरुण की इसी जगह हत्या की गई है। परिवार के लोगों ने किसी से दुश्मनी आदि की भी बात नहीं बताई है। पूसा थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि चालक की हत्या बेल्ट से गला घोंट कर की गई है और शव को बाद में बैठा कर खजुर के पेड़ से गमछा के सहारे बांध दिया गया था। हालांकि सूचना के बाद परिवार के लोग शव को गाछी से उठाकर घर ले गए थे। पुलिस को सूचना मिली तो शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना स्थान से 100 मीटर की दूरी पर पासीखाना है। माना जा रहा है कि खाने-पीने में विवाद के बाद चालक की हत्या हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## न्यूनतम खर्च में नील गाय से होने वाले नुकसान को करें कम

प्रातः किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।इन दिनों किसानों की जो सबसे बड़ी समस्या है, उसमे नीलगाय से होने वाला नुकसान भी शामिल है। बिहार के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में नील गाय के साथ साथ लावारिस पशु भी बहुत बड़ी समस्या है ,लेकिन वहां की सरकार लावारिस पशुओं को गोशाला में रखने की व्यवस्था कर रही है ,फिर भी नीलगायों का वहा भी कोई समाधान नहीं है । नीलगाय से तो वैसे सभी फसल बुरी तरह से प्रभावित होती है लेकिन उद्यानिक फसले कुछ ज्यादा ही प्रभावित होती है । नील गाय से फसलों के होने वाले नुकसान को कम से कम खर्च में कैसे रोका जाए ,इसपर डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डाक्टर एस के सिंह ने प्रातः किरण से काफी उपयोगी जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया कि नीलगाय (घडरोज) किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गयी है। इसके नाम में गाय शब्द होने की वजह से इसे गोवंश मानने के कारण इनका वध भी नहीं किया जाता और इनसे फसलो को बचाना बहुत मुश्किल हो गया है। जंगल झाडियों के समाप्त होने के बाद नीलगाय खेतों में शरण ले रही हैं। यह गन्ना, अरहर आदि के खेत में छिपी रहती हैं और मौका पाते ही बाहर निकलकर फसलों को खाने के साथ ही नष्ट भी कर देती हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति होती है। साहपुर पटोरी ,समस्तीपुर के रहने वाले एक किसान सुधीर शाह के अनुभवों का हवाला देते हुए डाक्टर सिंह बताते हैं कि उन्हें उनके अनुभव को जानने का मौका मिला और वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि उनके इस अनुभव को आम किसानों के साथ साझा किया जाय ।उनके अनुसार ,नील गाय को उन्होने सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है।इसमें खर्चा मात्र 10 रुपये आता है और इस कार्य को करने में शारीरिक श्रम मात्र 1 घंटा देना होता है। उनके अनुसार सड़े हुए या यू कहें, खराब दो अंडे लें। उसे 15 लीटर पानी में घोल ले और उसे सड़ने के लिए 5 से 10 दिन के लिए छोड़ दे ताकि उस घोल में गंध अधिक से अधिक पैदा हो सके । प्रत्येक 15 दिन पर खेत की मेड़ों पर इस घोल को जमीन पर ही छिड़काव करें , खास तौर पर उधर अवश्य छिड़के, जिधर से नील गाय खेत में प्रवेश करते है। पौधों पर छिड़कने की आवश्यकता नहीं है। उनके अनुसार चूंकि यह जानवर स्वभाव से सख्त शाकाहारी होते है । उन्हे सड़े हुए अंडे की दुर्गंध नापसंद हैं।, इसलिए जहा पर इस घोल का छिड़काव किया गया होगा, वहा पर नील गाय कतई आना पसंद नही करते है। इस विधि से आप नील गाय ही नही बल्कि बंदर को भी नियंत्रित कर सकते हैं। श्री शाह के मुताबिक यह घोल जितना पुराना होगा उतना ही असरकारक होगा। इसका प्रयोग फसलों पर नही करना है । यह नील गाय एवं बंदर के लिए रिपेलेंट का कार्य करता है । श्री शाह के मुताबिक आस पास के किसान इस विधि का प्रयोग करके अपनी फसलों को नील गाय से बचा रहे है। नील गाय भगाने की यह सस्ती एवं असरकारक विधि है । इसका प्रयोग करके आम किसान भी अपनी फसलों को बचा सकते है । डाक्टर सिंह बताते हैं कि उन्होंने भी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (फल) में केला के बंच को नील गाय के नुकसान से यही तरीका अपना कर सफलतापूर्वक बचाया है।

## घरेलू हिंसा में महिलाएं कानून का सहारा लें : सत्र न्यायाधीश



प्रातः किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)।जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रंजन देव के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 1 धड़ौरा में किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता मो. हैदर अली ने कहा कि छोटे छोटे विवादों में उलझकर अपने समय और धन को बर्बाद नहीं करें। और न ही किसी अपराधी को बचाकर आपराधिक घटनाओं को बढ़ावा दें। अन्याय के खिलाफ आवाज जरूर उठायें। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर होने वाले अपराध एवं घरेलू हिंसा के मामलों में महिलाएं अवश्य कानून का सहारा ले। अधिवक्ता मो. अली ने 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया। शिविर में लोगों को वृद्धापेंशन, जाब कार्ड, राशन कार्ड संबंधी जैसे समस्याओं के उपाय बताए गए। साथ ही लोगों को डाक्टर कृति रंजन द्वारा स्वास्थ्य संबंधी चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। मौके पर प्राधिकार सहायक कुमार गौरव, डाक्टर प्रभात चौधरी, हरेंद्र कुमार, प्रवीण पासवान, वार्ड पार्षद भगवान बाबू राय, आंगनबाड़ी सेविका ममता कुमारी, पीएलवी टुनटुन दास, नितीश कुमार राम, सुशीला देवी, मंजुला देवी, जानकी देवी, रीता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## प्रेमचंद जयंती समारोह की बैठक संपन्न

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा।ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में प्रेमचंद जयंती समारोह समिति की हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि बाल वर्ग से लेकर स्नातकोत्तर के छात्र- छात्राओं के लिए निबंध,भाषण, चित्रांकन, काव्य-पाठ, संगीत एवं गणित आदि विविध बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 28 जुलाई को स्थानीय एमएलएसएम कॉलेज ,दरभंगा में आयोजित किया जाएगा। बैठक समारोह के उपाध्यक्ष और हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. उमेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। प्रो. कुमार ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बौद्धिक प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए 1 जुलाई से 20 जुलाई तक पंजीयन कराना होगा। प्रेमचंद- जयंती समारोह का मुख्य समारोह तीन चरणों में आयोजित होना तय हुआ। प्रथम चरण में 28 जुलाई को विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगिताओं का आयोजन व दूसरे चरण में 31 जुलाई को प्रेमचंद -जयंती के अवसर पर ह्यप्रेमचंद साहित्यह्न विषय पर परिचर्चा होगी और अंतिम तीसरे चरण में 1 सितम्बर को बौद्धिक प्रतियोगिताओं में सहभागिता एवं सफल प्रतिभागियों को प्रेमचंद -जयंती समापन सह -पुरस्कार वितरण समारोह के मौके पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि उक्त अवसर पर प्रकाशित होने वाली ह्यजन सरोकारह्न स्मारिका के लिए 15 अगस्त तक विद्वानों तथा साहित्यकारों एवं शोधार्थियों से आलेख आमंत्रित किए जायेंगे। बैठक में अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबों से सहयोग से अपील करते हुए प्रेमचंद साहित्य की प्रासंगिकता व महत्व को रेखांकित किया। समिति के सचिव डॉ. लाल कुमार ने स्वागत भाषण और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मोजाहिद आजम ने किया।

इस बैठक में समिति के सदस्य सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो प्रभाशचन्द्र मिश्र, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव, डॉ आनन्द प्रकाश गुप्ता , समिति के उपाध्यक्ष डॉ हीरालाल साहनी, डॉ मंजरी खरे, मुजाहिद आजम,अनुराग कुमार,मोहम्मद इरशाद, दुर्गा नंद ठाकुर,हरे राम राज,शिवम मिश्रा ,श्रीराम, नीलकमल चौधरी,निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## चुनाव कि गतिविधि पर रहेगी अधिकारियों की नजर:डीएम

प्रातः किरण संवाददाता



दरभंगा। लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजीव रौशन के नेतृत्व में मधुबनी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत केवटी तथा जाले विधानसभा क्षेत्र, के मतदान की प्रशासनिक तैयारी पूर्ण हो गई। इसके साथ ही जिले में चुनाव के दौरान पल पल की गतिविधि पर नजर रखने के लिए व्यापक रूप से तैयारी गयी है। 20 मई को प्रातः 07 बजे से 06 बजे संध्या तक मतदान सम्पन्न होगा, इसके लिए जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना दरभंगा, समाहरणालय परिसर अवस्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में की गयी है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06272-240010 एवं 06272-240011 है। यह नियंत्रण कक्ष मतदान समाप्ति के उपरान्त ई.वी.एम,वी.वी. पैट संग्रहण केन्द्र के साथ-साथ अंतिम रूप से पोल्ड ई.वी.एम,वी.वी. पैट जमा होने तक कार्यरत रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रौशन द्वारा एकीकृत नियंत्रण कक्ष के रूप में कम्यूनिकेशन नियंत्रण कक्ष, मीडिया नियंत्रण कक्ष, वेबकास्टिंग नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष के माध्यम से मतदान के दिन होने वाली घटनाओं, शिकायत संबंधी कार्रवाई एवं फेक न्यूज पर नियंत्रण, सोशल मीडिया पर नियंत्रण, सी. विजिल पर प्राप्त शिकायतों का समाधान, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्राप्त शिकायत, सुझाव पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। सभी डिस्पैच केंद्रों से मतदान कर्मी और मतदान अधिकारी अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रो पर पहुंच गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है ।काफी संख्या में सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति सभी मतदान केंद्रों पर की गई है। मतदाता निर्भीक होकर अपने-अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत करें।केवटी विधानसभा के बूथ नंबर 211 मध्य विद्यालय केवटी बालक को यूथ मतदान केंद्र और बूथ संख्या 212 मध्य विद्यालय केवटी बालक मध्य भाग को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। जाले विधानसभा के मतदान केंद्र संख्या 314 उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तरी भाग सिंहवाड़ा को युथ मतदान केंद्र और मतदान केंद्र संख्या 189 मध्य विद्यालय कमतौल बालक को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की अभूतपूर्व व्यवस्था की गई है।सभी मतदान केंद्रों पर सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई हैएवं पर्याप्त संख्या में केंद्रीय रिजर्व पुलिस वालों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर गहन निगरानी के लिए चार स्तरीय दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# आयकर विभाग द्वार 72 घंटे की छापेमारी के बाद पूर्व वार्ड पार्षद गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।पूर्व वार्ड पार्षद विजय झा के घर और व्यावसायिक ठिकानों पर आयकर टीम की छापेमारी शनिवार की देर रात समाप्त हो गई। छापेमारी के पश्चात आयकर विभाग की टीम पूर्व निगम पार्षद को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गयी ।लगभग 72 घंटे चली इस रेड में आयकर कि टीम को विजय झा के कई ठिकानों से लगभग 16 करोड़ रुपये के जमीन में निवेश के कागजात के साथ मुजफ्फरपुर जिले के अलावा बिहार से बाहर दूसरे प्रदेशों में भी खरीदे गए फ्लैट, जमीन के प्लॉट शामिल हैं। एसएसपी ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, जमीन में निवेश का यह आंकड़ा सरकारी दर पर जमीन की कीमत के अनुसार है। खुले बाजार में इनकी कीमत चार गुना अधिक हो सकती है। इसके अलावा पुरानी बाजार स्थित सविता विवाह भवन से स्टांप पेपर, कई विभागों की मुहर बरामद की गई है। यह बता दें कि छापेमारी के पहले दिन नकद के अलावा विजय झा के स्कूल से आधा दर्जन हथियार तो दूसरे दिन विवाह भवन से कई बोतल विदेशी शराब भी बरामद की गई । हथियार बरामदगी मामले में मुसहरी थाने में स्कूल के निर्देशक विजय झा ,उनकी पत्नी वार्ड 41 की पार्षद सीमा झा, स्कूल के प्रिंसिपल अविनाश कुमार और वाइस प्रिंसिपल आदर्श प्रियदर्शी पर एफआईआर किया गया।इस मामले में वाइस प्रिंसिपल आदर्श प्रियदर्शी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है वही विजय झा के पुरानी बाजार स्थित सविता विवाह भवन से आधा दर्जन अवैध अंग्रेजी शराब बरामदगी मामले में नगर थाना में विजय झा को आरोपी बनाया गया हैं। वही आयकर विभाग को आवास और विभिन्न परिसरों से बड़ी मात्रा में स्टांप पेपर भी मिले हैं। आशंका है कि इसका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के कारोबार में किया जाता रहा होगा। इन स्टांप पेपरों पर कई में कुछ लोगों के नाम, पता और हस्ताक्षर हैं, पर कुछ भी मजमून नहीं लिखा हुआ है। इससे वैध मनी लॉन्ड्रिंग की आड़ में अवैध लेनदेन की भी आशंका जताई जा रही है। साथ ही सविता विवाह भवन के ठीक सामने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पुरानी बाजार शाखा में जब विजय झा के लॉकर को आयकर विभाग की टीम ने जांच के दौरान खंगाला तो उसमें लगभग एक किलो वजन के सोने के बिस्किट और ईंट मिला। इन सभी को जप्त कर आयकर की टीम देर रात अपने साथ लेकर चली गई।

## सड़क जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने ट्रायल बेसिस पर वनवे नियम किया लागू

प्रातः किरण संवाददाता



मधुबनी शहर के शंकर चौक से लेकर किशोरी लाल चौक के रास्ते में सड़क जाम की समस्या से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिस वजह से आए दिन उस रास्ते में जाम की समस्याएं उत्पन्न रहती थी।सड़क जाम की समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीलमणि के द्वारा सात दिनों के लिए ट्राईल के लिए वन वे नियम जारी किया गया।अब शंकर चौक से किशोरी लाल चौक की ओर चार चक्का और तीन चक्का वाहन आ सकती है लेकिन किशोरी लाल चौक से शंकर चौक जाने के लिए जाम की समस्या को देखते हुए चार चक्का वाहन और तीन चक्का पाबंदी लगाया गया है।वही वनवे को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन सड़क जाम को लेकर लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लोग और यहां के दुकानदार भी इस सड़क जाम की समस्या से परेशान रहते थे।अब प्रशासन के द्वारा वनवे नियम लागू करने से लोगों अब सड़क जाम की समस्या से छुटकारा पा सकेंगे। वही ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने लोगो से अपील भी किया की लागू वनवे नियम को शहरवासी भी प्रशासन को सहयोग करे। वही वनवे नियम लागू के बाद ट्रैफिक पुलिस की भी तैनाती कर दी गई है और निर्देश भी दिया गया है की इस नियम को सकती से पालन किया जाए साथ ही इमरजेंसी जैसे एम्बुलेंस को वनवे रास्ते से आने दिया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ आरके सिंह का किया स्वागत



भोजपुर। बरजा गांव में आरा लोकसभा एनडीए प्रत्याशी आर के सिंह जनसंपर्क के दौरान भाजपा नेता संजय तिवारी ने हजारों कार्यकताओं के साथ किया स्वागत वहीं एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह ने हर गांव में जनसंपर्क किया वहीं आर सिंह ने कहा कि अगर एक बार फिर से आप लोग मौका देते हैं तो हर क्षेत्र मे और विकास का कार्य किया जाएगा और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाथों को मजबूत करें वही बरजा गांव के लोगों ने आरके सिंह जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद का नारा लगाया इस जनसंपर्क अभियान में बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह भी लोगों से अपील किया हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाथों को मजबूत करें और आरा से विकास पुरुष आरके सिंह को भारी मतों से जीता कर लोकसभा भेजने का काम करें आरके सिंह के काफिला में हजारों भाजपा कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क कर रहे हैं। विनय बेलाउर पर जाकर मुखिया मुकेश सिंह एनडीए प्रत्याशी को अंग वस्त्र एवं माला पहनकर स्वागत किया।

### जन्मदिन पर कट्टा लहराना पड़ा महंगा पुलिस ने घर पहुंच कर किया गिरफ्तार

चैनपुर। थाना क्षेत्र के सोनहटिया मुहल्ले मे जन्मदिन के अवसर पर कट्टा लहरा रहे फोटो वायरल होते ही युवक को बधाई देने उसके घर पहुंची चैनपुर पुलिस जहां से दो लोगो को गिरफ्तार कर चैनपुर थाना लाया गया वही इससे संबंधित जानकारी देते हुए भभुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवशंकर कुमार के द्वारा बताया गया कि जन्मदिन के अवसर पर कट्टा लहराते हुए एक विडियो वायरल हुई थी जांच पड़ताल के दौरान युवको की पहचान चैनपुर सोनहटिया मुहल्ला निवासी प्रभु पासी के पुत्र संदीप कुमार एवं दुसरा चैनपुर के मिर्जा मुहल्ला निवासी अनिल शर्मा के पुत्र संदीप शर्मा के रुप मे पहचान हुई है दोनो लोगो को गिरफ्तार कर फोटो मे वायरल कट्टा को बरामद कर चैनपुर थाना लाने के बाद मेडिकल जांच के बाद भभुआ न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है

### विधवा महिलाओं के साथ मारपीट मामले के आरोपी गिरफ्तार

शेरघाटी।विधवा महिला के साथ मारपीट करने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने थाना क्षेत्र के चीताब गांव से कुंदन पाठक नामक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह आईपीएस शिवम धाकड़ ने बताया कि चिताब गांव में शनिवार के हुए मारपीट मामले के आरोपी कुंदन पाठक नामक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। बातचीत का दौरान उन्होंने बताया कि मारपीट मामले में पीड़ित परिजनों के द्वारा लिखित आवेदन देते हुए आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है, वहीं दूसरी ओर मिली जानकारी के अनुसार मारपीट मामले को लेकर चिताब गांव के ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए मदन पाठक को एवं उसके परिवार को समाज से बहिष्कार कर दिया गया है और उसे गांव से सभी तरह के सहायता देने से बंद कर दिया गया है।

### राहु और कालसर्प दोष दूर करने के लिए प्रसिद्ध है कालाहस्ती मंदिर

पटना। आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में भगवान शिव, वायु रूप में कालहस्तीश्वर के नाम से पूजे जाते है। इसलिए यह मंदिर कालहस्तिश्वरमंदिर नाम से जाना जाता है और बोलचाल की भाषा में इस मंदिर को लोग कालाहस्तीकहते है। कालहस्तिश्वरमंदिर आज के समय में कालाहस्ती नाम से प्रसिद्ध है।पूरे देश में राहु और कालसर्प दोष दूर करने के लिए त्र्यंबकेश्वर मंदिर प्रसिद्ध है , लेकिन अब जो लोग त्र्यंबकेश्वर नहीं जा सकते है वे कालाहस्तीपहुँचते है। इसलिए कालाहस्ती पूरे देश में राहु और कालसर्प दोष दूर करने के लिए भी मंदिर प्रसिद्ध है। कालाहस्ती मंदिर परिसर में एक साथ लगभग 100 व्यक्ति एक बार एक साथ बैठ कर राहु की पूजा और कालसर्प दोष दूर करने के उपाय करते है।जबकि वास्तव में यह मंदिर भगवान शिव का मंदिर है, लेकिन यहां राहुकाल की पूजा के साथ- साथ कालसर्प की भी पूजा होती है।कालाहस्ती मंदिर की सबसे खास बात यह है कि मंदिर में शैव पंथ के नियमों का पालन किया जाता है।मंदिर के पुजारी प्रतिदिन भगवान की पूरे रीति-रिवाजों और रस्मों के साथ पूजा करते है, और तो और, यहां पूरे दिन में चार बार पूजा करने का प्रावधान है।भगवान की पहली पूजा सुबह 6 बजे कलासंथी, दूसरी पूजा 11 बजे उचिकलम, तीसरी पूजा 5 बजे सयाराक्शाई और चौथी एवं आखिरी पूजा रात 7:45 से 8:00 बजे के बीच एक बार फिर सयाराक्शाई की पूजा की जाती है।

# लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण अभियान से जुड़े लोगों ने मूल्यों को बचाने के लिए आरा शहर में अभियान चलाया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आरा में लोकतांत्रिक राष्ट्र निर्माण अभियान से जुड़े लोगों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए आरा शहर में अभियान चलाया। इसके तहत शहर के कलक्टरी तालाब के किनारे एक सभा आयोजित की। सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक मानव ने कहा कि देश के सामाजिक- लोकतांत्रिक ताना-बाना खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त कर दिया है, आपको बता दें कि 1952 की सर्वसेवासंघ वाराणसी की 14 एकड़ जमीन पर बनी 20 बिल्डिंगें को जबरन जमींदोज कर अडानी को देने के फिराक में है। सरकारी जांच एजेंसियों का उपयोग हथियार के तौर पर विपक्षी दलों के लिए खिलाफ हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने इलेक्टोरल बांड के जरिये पाकिस्तान और गौ हत्यारों से पैसा लिया।



कोविड भएक्सिन कम्पनी से चन्दा लेकर देश की जनता को जानलेवा इंजेक्सन दे दिया इस कारण अब लोग धीरे धीरे मर रहे हैं। सरकार पर सवाल उठाने वाले पत्रकारों और सामाजिक कार्यकताओं को जेल भेज रही है। इसके साथ ही अशोक मानव ने आगे आरा में आरके सिंह के काम-काज का ब्यौरा सामने रखते हुए कहा कि उन्होंने अपने दस साल के कार्यकाल में एक भी काम नही कराया। सिर्फ जो काम हो रहा है उसकी निगरानी और उद्घाटन करने का काम किया है। मीडिया के माध्यम से अपनी छवि चमकाते रहे। आज यहाँ की आम जनता जब उनसे उनके काम का ब्यौरा मांग रही है तो वे तिलमिला कर अभद्र, अश्लील व्यक्तव्य दे रहे है। यहां के किसानों के प्रति सांसद का बिल्कुल उदासीन और रुख रहा है। उन्होंने नहर की पक्कीकरण अपने कार्यकाल में करवाने के लिए बोला था।ऐसा कुछ नही किया है, जिससे उनको जनता फिर चुने। मानव ने कहा कि यदि वे बेईमानी नही करते तो उनकी जीत 2019 में भी नही होती।

इस बार भी बेईमानी करने के लिए उन्होंने बड़े पैमाने पर सारे जतन कर लिए है। लेकिन जनता ने कमर कस लिया है। केंद्र सरकार की किसानों के खिलाफ बिल पास कर के अपना परिचय दे चुकी है। मानव ने रंगकर्मी और खिलाड़ियों के प्रति सरकार की बेरुखी पर सवाल उठाया। कहा कि खिलाड़ियों व रंगकर्मियों को रेलवे में कनशेसन मिलना बंद हो गया। जिसके चलते इससे जुड़े बड़े आयोजन नही हो पढ़े हैं। खिलाड़ियों के लिए सरकार और यहां के सांसद ने कोई व्यवस्था नही की। आरा में रंगकमीर्यो के लिए कोई जगह नहीं है जहां पर रंगकर्मी रिहर्सल कर सके। वहीं पेंटिंग के कलाकारों के लिए कला दीर्घा नहीं है।अशोक मानव ने कहा की हर तरफ से आरके सिंह भोट लेने का हक खो दिए हैं। इस लिए सभा मे सुदामा प्रसाद के इतिहास को रखते हुए कहा कि 46 वर्षो का इनका संघर्ष पूर्ण रहा है। आप इन्हें भारी मतों से जिताये। सभा मे शहर के बुजुर्ग, प्रोफेसर, अधिवक्ता, रंगकर्मी, खिलाड़ी, कई तरह के कलाकार सैकड़ों की संख्या उपस्थित थे। जिसमें अनिल तिवारी (दीपू), संजय पाल, साहेब लाल, लड्डू भोपाली, मोड्ड चांद, प्रो श्रीराम ओझा, सुशील कुमार, बिजय मेहता, निर्मल सिंह, लक्षमण पांडे,मो मोहम्मद फेकू, सुशील सिंह, श्याम शर्मिला, मनोज सिंह, लालमोहर राय, रोहित पांडे, मुक्ति यादव,वार्ड पार्षद लल्लू जी आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण मिश्रा व संचालन आशुतोष और धन्यवाद ज्ञापन अनिल तिवारी (दीपू) ने किया।

# अहमदाबाद से मजदूरी कर अपने घर लौट रहे मजदूर को बदमाशों ने मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले में इन दिनों बदमाशों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने गुजरात के अहमदाबाद से मजदूरी कर अपने घर लौट रहे एक मजदूर को गोली मार दी है। गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया।

दरअसल पुरा मामला आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड स्थित तपेश्वर हिंदू महिला कॉलेज के समीप की बताई जा है। जहां हथियारबंद बदमाशों ने छिनतई के दौरान गुजरात के अहमदाबाद से वापस घर लौट रहे एक मजदूर युवक को सीने में गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। इसके बाद उधर से गुजर रहे टाउन थाना गश्ती पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के एक निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गीधा थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी दसई यादव का 18 वर्षीय पुत्र रितेश यादव बताया जाता है।

वह गुजरात के अहमदाबाद में रहकर खटाल में दूध दुहने का काम करता है। जख्मी युवक का इलाज कर रहे चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय के द्वारा फोन कर सूचना दी गई की एक युवक को गोली लगी है। जख्मी युवक को गोली बाएं साइड सीने में बीचों-बीच लगी थी जो पीठ के पिछले हिस्से में फांसी हुई थी। गोली लगने के कारण उसकी बड़ी आंत एवं छाती क्षतिग्रस्त हो गया था। तत्काल ऑपरेशन कर डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है और फंसे हुए बुलेट को भी निकाल दिया गया है, फिलहाल घायल युवक को ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा। वही इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# हजारी प्रसाद द्विवेदी के 45 वीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आधुनिक हिंदी साहित्य के महान साहित्यकार आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के 45 वीं पुण्यतिथि के मौके पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह एवं महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद के क्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी हिंदी साहित्य के पहले साहित्यकार हैं जिन्होंने हिंदी भाषा के इतिहास की आधुनिक व्याख्या को साहित्य के विभिन्न विधाओं के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास



किया। निबंधकार आलोचक एवं उपन्यासकार के रूप में उन्होंने हिंदी साहित्य में दुर्लभ कृतियों की सर्जना की।हिंदी साहित्य की भूमिका,हिंदी साहित्य का आदिकाल,हिंदी साहित्य का उद्भव और विकास इतिहास से संबंधित रचनाएं हैं तो वहीं अशोक के फूल निबंध की उत्कृष्ट रचना के रूप में जानी जाती है। बाणभट्ट की आत्मकथा द्विवेदी जी की कालजई उपन्यास के रूप में बहुचर्चित है।साहित्य सहचर, लालित्य तत्व,साहित्य का मर्म जैसे विभिन्न कृतियों में द्विवेदी जी ने साहित्यिक उपमानों से उत्कृष्टता प्रदान किए हैं। आधुनिक हिंदी साहित्य के प्रमुख स्तंभ द्विवेदी जी हिंदी,अंग्रेजी, संस्कृत एवं बांग्ला भाषा के उद्भट विद्वान माने जाते हैं।हिंदी भाषा के साथ-साथ अन्य भाषाओं में भी विशिष्ट कृतियों के सर्जक माने जाते हैं।साथ ही साथ अपनी समीक्षा के माध्यम से नवोन्मेष साहित्यकारों को भी इन्होंने शिखर पर पहुंचाने का कार्य किया था।संवाद के मौके पर राम पुकार ओझा, राणा सुनील,राहुल कुमार, गायक अमित,सोम प्रकाश,सौरभ राज,सुजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# गया के अंकुश बग्गा बने तख्त श्री पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के कानूनी सलाहकार

गया।तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी का कानूनी सलाहकार परमीत सिंह अंकुश बग्गा को बनाया गया पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अंकुश बग्गा की धार्मिक भूमिका एवं सामाजिक भूमिका को देखते हुए प्रबंधक कमेटी के साथ जोड़ा गया है जिस तरीके से यह पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के साथ अपनी सेवा निभा रहे है उसी तरीके से ये निभाते रहे हैं ।तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ने बधाई देते हुए कहा कि गुरु महाराज ने सेवा दी है यह बहुत सौभाग्य की बात है पूरी उम्मीद है कि इस सेवा को मयार्दा के साथ निभायेंगे ।भगत श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पूर्वी भारत सह सिख



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पूर्वी भारत के अध्यक्ष सूरज सिंह नलवा ने बताया कि अंकुश बग्गा पिछले 9 सालो से पटना साहिब प्रबंधक कमेटी के साथ मिलकर सहयोग करते रहे हैं जैसे की श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज जी के प्रकाश पर्व में सब ट्रांसपोर्ट कमेटी के चेयरमैन के रूप में या वेलकम सब कमेटी के चेयरमैन के रूप में हमेशा उनकी भूमिका बढ़-चढ़कर रही है।

# मिनिंग नहीं बताने पर शिक्षक ने दो बच्चों को बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता



आरा/जगदीशपुर। भोजपुर जिला के जगदीशपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 17 स्थित एक निजी विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दो बच्चों के मिनिंग नहीं बताने पर उनकी बेरहमी से जमकर पिटाई का मामला सामने आया है। वही अभिभावक की ओर से इसकी शिकायत करने पर बच्चों का नाम काटकर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इसे लेकर दोनों बच्चों के अभिभावक ने जगदीशपुर थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि जगदीशपुर नगर के वार्ड संख्या 11 के निवासी आशुतोष कुमार सिंह की पत्नी मनीषा चौधरी ने पुत्र आरुष कुमार सिंह और आरव कुमार सिंह का एक मार्च को विद्यालय में नामांकन यूकेजी में कराया था। दोनों बच्चे पढ़ने जा रहे थे। इसी बीच शनिवार को बच्चों ने कुछ मिनिंग याद नहीं किया था, जिसे लेकर दो शिक्षकों व एक शिक्षिका की ओर से पिटाई कर दी गई। इधर, जख्मी छात्र के माता पिता ने बताया की इसी साल 1 मार्च को दोनों छात्र का एडमिशन हुआ था। बच्चों ने कुछ मिनिंग याद नहीं किया था, जिसे लेकर बेरहमी से उनकी पिटाई कर दी गई। जब वे इसकी शिकायत करने विद्यालय पहुंचे तो शिक्षकों द्वारा बदतमीजी की जाने लगी और दोनों बच्चों का नाम काटकर विद्यालय से भागा दिया गया। थानाध्यक्ष विगाउ राम ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# भोजपुर से आरके सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को करें मजबूत : पूर्व एमएलसी

## पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह और जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कौरा, हरिगांव और बरनाव पंचायत में किया जनसंपर्क

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले में आगामी एक जून को लोकसभा चुनाव के तहत मतदान होने हैं। जिसे लेकर एनडीए के घटक दलों के नेता चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में लगे हुए हैं। इसी क्रम में रविवार को पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह और जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कौरा, हरीगांव और बरनाव पंचायत के मतदाताओं के साथ बैठक की। जदयू नेताओं ने कौरा मुखिया प्रतिनिधि हरेराम सिंह के आवास पर ग्रामीणों से मुलाकात की।

इस दौरान पूर्व एमएलसी संजीव श्याम सिंह ने कहा कि आगामी एक जून को भोजपुर में चुनाव होने वाला है। जिसको लेकर एमडीए की टीम जन संपर्क अभियान जोरों पर है। उन्होंने बताया कि भोजपुर की धरती गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आता है। जिसके कारण भोजपुर से उनका



लगाव ज्यादा है और इसी कड़ी में भोजपुर की धरती पर लगातार आना रहा। उन्होंने बताया कि जदयू और भाजपा का संबंध लगभग 24 वर्षो से रहा। बिहार में आज जो विकास हुआ है, उसमें भाजपा ने जदयू का भरपूर सहयोग किया है। जिसकी बदौलत आज बिहार विकास पथ पर अग्रसर है। वहीं, एनडीए के झोले में अभी विकास के और कार्य हैं। इसलिए एक बार फिर आप सभी लोकसभा निर्वाचन, 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाने के लिए सांसद आरके सिंह को जरूर से जरूर जिताएं। ताकि, केंद्र और बिहार राज्य में एनडीए की सरकार बनी रहे।

वहीं, जदयू के जिलाध्यक संजय सिंह ने कहा कि संसद आरके सिंह के द्वारा भोजपुर में जो विकास हुआ है वो किसी के बताने से नहीं समझ में आएगा। आज विकास के सारे काम लोग अपनी आंखों से देख सकते हैं। चाहे सड़क योजनाओं की बात हो या फिर बिजली की। आज का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। लेकिन, क्षेत्र के लोगों में थोड़ा मन मुटाव देखा जा रहा है, जिसे लोकसभा चुनाव में भूलाकर एकबार फिर आरा संसदीय क्षेत्र से आरके सिंह को विजयीय बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आज भोजपुर समेत पूरे राज्य से जंगलराज पूरी तरह खत्म हो चुका है। जिसको आगे भी बनाकर रखना है। इसलिए जदयू और भाजपा के एनडीए की सरकार को केंद्र के साथ राज्य में भी सरकार बन सके और विकास को गाड़ी यूं ही चलती रही। अंततः उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील किया कि आप सभी बस एक बात का ध्यान रखें एक जून को पहले मतदान करें, फिर जलपान। वोट देकर आप सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इस दौरान ग्रामीणों ने एनडीए नेताओं के समक्ष अपनी बातों को रखा।

मौके पर जदयू नेता राम नारायण शर्मा, नंदजी प्रसाद, गड़हनी के जदयू प्रदेश अध्यक्ष अमरेश तोमर, अजय कुमार के अलावा मुखिया प्रतिनिधि हरेराम सिंह, वीरेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, श्याम देव सिंह, विश्वनाथ सिंह, योगेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, किसान सिंह, सुरेश सिंह, इकबाल चौधरी, राधा चौधरी, मदन चौधरी, सुरेश राम, मोहम्मद एसरार अंसारी, राम ईश्वर पाल, महेश सिंह, आनंद मोहन व अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भभुआ।थाना क्षेत्र अंतर्गत बेतरी -मुंडेश्वरी पथ पर मोकरी गांव के समीप शनिवार की देर शाम एक बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।घटना के बाद राहगीरों व ग्रामीणों की भीड़ लग गई।मौके का नजाकत देख ट्रैक्टर चालक वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहा।आनन - फानन में दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।अंत्य परीक्षण होने के बाद रविवार की सुबह शव को परिजनों को सौंप दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवकों की पहचान मोकरी गांव निवासी श्रीनिवास राम का पुत्र ओमप्रकाश (20वर्ष) व स्व.सुरेंद्र राम का पुत्र प्रदीप कुमार (23वर्ष) के रूप में हुई है।घटना के बारे में बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक पर सवार होकर किसी कार्य हेतु भभुआ गए हुए थे वहां से गांव लौटने के क्रम में उक्त स्थल पर हादसे का शिकार बन गए।इस घटना से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।परिजनों का रो - रो कर बुरा हाल है।इधर घटना की जानकारी मिलते ही भभुआ के जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल शव के साथ मोकरी पहुंचे इस दौरान थानाध्यक्ष मुकेश कुमार भी दल बल के साथ मौजूद रहे।वहीं जिला पार्षद ने दोनों गरीब पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए अंत्येष्टि संस्कार हेतु आर्थिक सहयोग किया और बताया कि दोनों का परिवार काफी गरीब है।इस दुख की घड़ी में तन - मन - धन से पीड़ित परिवारों के साथ हूं। दोनों परिवार पूरी तरह से सदमे मे है क्योंकि दोनों परिवार ने अपना नौजवान बेटा खोया है।एक के तो पिता कुछ वर्ष पहले ही इस दुनिया को अलविदा कह चले गए थे।परिवार का वही सहारा था।

# परशुराम सेवा संघ शाहाबाद इकाई द्वारा मनाया गया परशुराम जयंती

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। परशुराम सेवा संघ शाहाबाद इकाई द्वारा आयोजित परशुराम जयंती कार्यक्रम द रॉयल हेरीटेज रिजॉर्ट चंदवा में मनाया गया इस कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्र उच्चारण पूजा पाठ कर इसकी शुरूआत की गई पूजा में यजमान अमन तिवारी एवं अनीष तिवारी थे इस कार्यक्रम में लगभग हजारों लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई इस कार्यक्रम में आए सभी उपस्थित लोगों को अंग वस्त्र देकर परशुराम सेवा संघ की तरफ से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में आए सभी लोगों ने भगवान परशुराम से प्रेरणा लेने की बात कही तथा समाज में अच्छा संदेश देने का संकल्प लिया गया कार्यक्रम



की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष अंजनी तिवारी ने कहा कि ब्राह्मणों के प्रति गलत टीका टिप्पणी से परहेज करें नहीं तो वह समय भी आएगा जब आपको ब्राह्मण समाज भी उसका जवाब देगा उपस्थित लोगों में पूर्व कुलपति प्रोफेसर धर्मेंद्र तिवारी ,महंत रामकिंकर दास जी ,शिव जी उपाध्याय , सेन्टर बाबा , बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ,राकेश ओझा , आरण्य देवी मंदिर के महंत मनोज बाबा , जिला परिषद सदस्य गंगाधर पांडे, मनोज उपाध्याय , पूर्व जिला परिषद सदस्य नंदकुमार ओझा , मुंगेर से पधारे रितेश मिश्रा ,बक्सर से पधारे बबली दुबे, परशुराम पांडे , चिंतामणि उपाध्याय,केडी ओझा ,वीरेंद्र मिश्रा , श्री राम उपाध्याय, वीरेंद्र दुबे ,मंच संचालन कर रहे रूपेंद्र कुमार एवं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वागत कर्ता राजा तिवारी , मंटू दुबे, ननकू ओझा, देवेश उपाध्याय, मलु उपाध्याय ,निकेश पांडे,पवन तिवारी, मिथलेश पांडे, किशोर पाठक , उमेश कुमार, राणा रणजीत सिंह, आलोक मिश्रा, मुक्ति तिवारी, राकेश झा, गुड्डू ओझा, मुन्ना तिवारी , डॉक्टर जे एन उपाध्याय एवं अन्य गणमान्य लोगों उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन उपेंद्र पांडे ने किया।

# गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल पूर्वी भारत के द्वारा गया गुरुद्वारा में गुरमत कैंप लगाया गया

गया।गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गया में गुरमत कैंप 18 मई को लगाया गया है किसका समापन 22 मई को दिन में होगा। गुरमत कैंप की संयोजक गया गुरुद्वारा स्त्री सत्संग की अध्यक्ष बीबी कवलजीत कौर है और प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष भगवान सिंह के सहयोग से कार्यक्रम हो रहा है ।सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पूर्वी भारत के मीडिया प्रभारी परमीत सिंह अंकुश बग्गा ने बताया कि तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब की अगुवाई में सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी पूर्वी भारत की देखरेख में गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल पूर्वी भारत के द्वारा गुरमत कैंप का आयोजन बिहार झारखंड बंगाल



में किया गया है ।गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल पूर्वी भारत के सचिव सरदार गुरविंदर सिंह ने बताया कि हर हाल में सभी बच्चों को गुरबाणी के साथ जोड़ने का प्रयास है दो शिक्षक जितेंद्र सिंह और गुरविंदर सिंह गया पहुंच सभी बच्चों को सिख धर्म की मयार्दा का ज्ञान देंगे जैसे कि पाठ,कीर्तन,अरदास,गुरमुखी पड़ना लिखना बोलना और सिख इतिहास की जानकारी होनी चाहिए।

# कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा असहाय कन्याओं का कराया गया विवाह

गया। शादी विवाह के समय पुरे भारत में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा संस्था से निबंधित निर्धन,असहाय कन्याओं को बाल विवाह मुक्त एवं दहेज रहित विवाह कराया गया है। जिसमे सबसे ज्यादा विवाह झारखंड एवं बिहार में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा अपने द्वारा कराया गया है जिसकी जानकारी संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा हमारे संस्था के द्वारा असहाय जो अपने बेटी की शादी नही करा सकते थे जिनके पास बेटी के विदाई मे देने के लिए कुछ नहीं था हमारी संस्था कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी द्वारा सभी असहाय कन्याओं को उनके खाने का बर्तन,सोने के लिए पलंग,कपडा रखने के लिए अलमारी एवं बक्सा,सभी जरुरत का समान हर असहाय कन्याओं को सचिव द्वारा दिया गया है। और आगे विकास कुमार माली ने बताया कि लोग अपने पुत्री या पुत्र का बाल विवाह न कराए। बाल विवाह करने के कारण ही आज गांव से लेकर शहर तक की महिलाएं पड़ताड़ना का दर्द झेल रही है। अगर बाल विवाह ना हो तो महिला प्रताड़ना से हमारी बहन बेटी बचेगी। इसके साथ ही साथ उन्होंने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रहा है। अगर किसी भी गरीब असहाय की पुत्री के अभिभावक जो अपने पुत्री का विवाह करने में असमर्थ हैं। वह कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। सोसाइटी उनकी पुत्री का विवाह में होने वाले खर्च को उठाकर उनका विवाह कराएगा। साथ ही साथ विवाह के बाद मिलने वाले घरेलू उपकरण के उपयोगी सामग्री को भी विदाई स्वरूप देगा। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह दहेज प्रथा को समाप्त करना है। संस्था अपनी उद्देश्य को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य कर रही है। लोगों का अगर सहयोग रहा तो आने वाले समय में बाल विवाह दहेज प्रथा भ्रूण हत्या पूरी तरह से समाप्त हो सकता है।

# अल्पसंख्यक समाज के हक हुकूक की राजद को कोई चिंता नहीं, बस वोट से मतलबः उपेन्द्र कुशवाहा

डेहरी (रोहतास)दाउदनगर क्षेत्र स्थित होटल सरस्वती पैलेस के सभागार में आज अल्पसंख्यक समाज के संगठन ने रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं काराकाट लोकसभा क्षेत्र से NDA प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन में सम्मान समारोह का आयोजन किया। श्री कुशवाहा को फूलों की विशाल माला पहनाकर अल्पसंख्यक समाज ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि राजद और इंडीया गठबंधन के तमाम दलों को अल्पसंख्यक समाज के हक हुकूक की



कोई चिंता नहीं बस उनके वोट से मतलब है। इस समाज ने इन दलों का जितना साथ दिया बदले में समाज को पिछड़ेपन के अलावा कुछ भी हासिल नहीं हुआ। काराकाट में यदि आपका सहयोग मिला तो अल्पसंख्यक समाज के विकास के प्रति विशेष तवज्जों दिया जाएगा। आपकी भागीदारी से विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में प्रमुख थे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता फजल इमाम मलिक, लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह संयोजक अंसारी महापंचायत वसीम नैयर अंसारी,प्रदेश अध्यक्ष धीरू शर्मा, एकराम अंसारी, जुल्फकार खान, एस0एम0 जाफरी। इसके अलावा सभा में अनवार अहमद, औरंगाबाद महिला जिलाध्यक्ष मुसर्रत परवीन, शमीम अंसारी, शादाब हुसैन, एनामुल हक, मुकुल शर्मा, नफीस अंसारी, न्यूटन अंसारी, शाहनवाज अंसारी, तौफीक अंसारी, बेलाल अहमद, खुर्रम अंसारी, संजीत यादव, रवि रंजन यादव, आशिक अंसारी इत्यादि भी मौजूद थे। सभा मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अल्पसंख्यक समाज के बीच उपेन्द्र कुशवाहा के समर्थन के लिए संगठन की ओर से आगामी दिनों में जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा।

# राजग के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

बिक्रमगंज (रोहतास)। काराकाट लोक सभा अंतर्गत काराकाट विधानसभा क्षेत्र के बिक्रमगंज में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। पूर्व विधायक राजेश्वर राज एवं जदयू के जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, प्रभारी विजय सिंह, बिरेंद्र कुशवाहा, बादशाह पासवान एवं काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र शाह ने संयुक्त रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने एनडीए गठबंधन के अंतर्गत काराकाट लोक सभा से राजग प्रत्याशी उपेंद्र



कुशवाहा को सर्वाधिक मतों से विजई बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। श्याम बिहारी सिंह ने इस बार फिर मोदी सरकार का उदघोष कराया। काराकाट में मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह एवं संचालन जदयू अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया।

जबकि बिक्रमगंज के कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में संजय मेहता, जोगेंद्र चौहान, संतोष गौड़, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा, संजय वर्मा, रवि पासवान, बिरेंद्र तिवारी, विजय चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूबी देवी, संजय सिंह, धनंजय सिंह, दिनेश चंद्रवंशी, जितेंद्र सिंह , विनोद पासवान, सुरेश गुप्ता, रजनीश पांडेय एवं हरिनाथ साह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गिरना, उठना और सम्भल कर आगे बढ़ जाना ही जीवन है : डॉ रंजन बहेरा



बिहटा।गोपाल विद्यार्थी बिहटा स्थित अशोका कंप्यूटर सेंटर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई दसवीं व बारहवीं में बेहतर अंक लाकर इलाके का मान बढ़ाया है संस्थान के सफल छात्र छात्राओं को आईआईटी पटना के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रंजन कुमार बहेरा ने शनिवार को संस्थान परिसर आयोजित सम्मान समारोह में मेडल, सर्टिफिकेट व ट्राफी आदि देकर सम्मानित कियो मौके पर डॉ बहेरा ने कहा कि शिक्षा से ही छेत्रों का समग्र विकास संभव है।विद्यार्थियों को जीवन मेंकिताबी ज्ञान के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी बेहद जरूरी है। वहीं उन्होंने सेंटर में हर महीने 10 छात्र को मुफ्त शिक्षण की व्यवस्था को खूब सराहा, यह पहल क्षत्रीय शिक्षा जगत में उत्थान हो रहा है मौके पर संस्थान के निदेशक अशोक कुमार, शिक्षक विकास कुमार, निशा, निशु, अंजली, सिम्मी व रूपा के अलावे दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### एफएनएस एकेडमी के प्राचार्य से मांगा गया शोकाउज

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त किए गए सेक्टर नौ के सेक्टर पदाधिकारी सह एफएनएस एकेडमी के प्राचार्य मो तारिक रसीद से कारण पृच्छा किया गया है।एसडीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी गुंजन सिंह ने उनसे 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने की बात कही है। लोकसभा चुनाव को लेकर पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर पदाधिकारी के तौर इनकी नियुक्ति हुई है। इसकी जानकारी पत्र और दूरभाष के द्वारा उन्हें दी गई थी।इसके बाद भी निर्वाचन कोषांग में उन्होंने योगदान नहीं दिया है। उनका वेतन भी स्थगित कर दिया गया है।एसडीओ ने बताया कि संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने की स्थिति में उन पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुंशसा की जाएगी।

### बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने का लिया निर्णय

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के इंडि गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अंशुल अविजित कुशवाह को विजयी बनाने के लिए बैठक वार्ड 58 में हुई। राजद के वार्ड अध्यक्ष संतोष पंडित की अध्यक्षता में बेलवरगंज में यह संपन्न हुआ। संचालन राजद के शिल्प कला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश पंडित ने किया। बैठक में वक्ताओं ने आम मतदाताओं से अनुरोध किया कि यह चुनाव नहीं, संविधान और लोकतंत्र बचाने का आंदोलन है। एक जून डॉ अंशुल अविजित को पंजा छाप बटन दबा कर विजयी बनाएंगे।बैठक में राजद के प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता, पूर्व राजद महासचिव सलमान अख्तर, डॉएकबाल अहमद, सीपीआई के आफताब अहमद, कांग्रेस नेत्री नीतू सिह निषाद, देवरत्न प्रसाद, गुलाम सरवर आजाद, रतन यादव, शंभू प्रसाद, मुन्ना जायसवाल, फिरोज हसन, नाथुन यादव, रविंद्र सिन्हा, अरुण स्वर्णकार, अशोक साह, संगीता यादव, सैकत, पंकज सिह, अशोक निषाद, बबलू राम, राजेश रजक, बिट्टू चौधरी आदि उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता को ले 20 मई को प्रशासन बनाम नगर पंचायत प्रशासन के बीच खेला जाएगा क्रिकेट मैच

पटना।लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता के निमित्त प्रखंड कार्यालय नौबतपुर के खेल मैदान में 20 मई को अपराहन 03:30 बजे से प्रखंड प्रशासन बनाम नगर पंचायत प्रशासन नौबतपुर के बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा' जिसमें आप सभी देश के भविष्य को उज्जवल बनाने वाले सम्मानित मतदाता गण/आम नागरिक/ सभी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं/ जीविका दीदी/ आंगनबाड़ी सेविका/आशा कार्यकर्ता/ सभी सरकारी एवं निजी कार्यालय में कार्य करने वाले पदाधिकारी एवं कर्मी/शिक्षक गण साथ ही प्रखंड स्तरीय सभी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों से सादर अनुरोध है दिनांक 20.05.2024 को अपराहन 3:30 बजे से प्रखंड कार्यालय स्थित खेल मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है' यह क्रिकेट मैच प्रखंड प्रशासन नौबतपुर बनाम नगर पंचायत प्रशासन नौबतपुर के बीच में खेला जाएगा' इस मैच का आनंद उठाने के लिए आप सभी से सादर अनुरोध है कि आप सभी ससमय उपस्थित होकर प्रखंड प्रशासन एवं नगर पंचायत प्रशासन का मनोबल ऊंचा करने की कृपा करें' साथ ही लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में 31- पाटलिपुत्र लोकसभा मे मतदान की तिथि 01 जून 2024 है' इस हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की कृपा करेंगे' फिर से आप सभी से अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित तिथि एवं समय को प्रखंड कार्यालय स्थित खेल मैदान में उपस्थित( दर्शन द्वघा में) हो कर हम सभी का मनोबल ऊंचा करने की कृपा करेंगे।

# संविधान व आरक्षण बचाने के लिए देश में महागठबंधन की सरकार की जरूरत : ई राघवेंद्र

## मीसा भारती के लिए बिक्रम विधानसभा के दर्जनों गांवो में किया जनसम्पर्क, माँगा वोट

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी` देश की जनता को अब एनडीए व पीएम मोदी से उम्मीद खत्म हो गयी है, 'मोदी की गारंटी' पूर्णतः खोखला साबित हो गया` बेरोजगारी व महँगाई की मार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है` संविधान व आरक्षण खतरे में है, इसकी रक्षा के लिए देश में महागठबंधन की सरकार की जरूरत है` उक्त बातें रविवार को पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के बिक्रम विधानसभा अंतर्गत दर्जनों गांवों में महागठबंधन प्रत्याशी डॉ मीसा भारती के पक्ष में जनसम्पर्क के दौरान राजद नेता सह समाजसेवी ई राघवेंद्र ने पत्रकारों से हुई बातचीत में कहीं` राजद नेता रविवार को महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में क्षेत्रीय पीपलावा, जैतीपुर, अजोपुर, कराई, रौनिया, गौनवाँ, निसरपुरा, घोड़ाटाप, मसूदनपुर, ईटवां, दोघरां, लई, कुंजवाँ व पतूत सहित विभिन्न गांवो में पहुंचकर जनसंपर्क कर आम लोगों से संवाद कर रहे थे` मौके पर उन्होंने लोगों से आगामी 1 जून को संविधान व आरक्षण बचाने के लिए लालटेन के निशान पर वोट डालने की अपील की । आम लोगों से सम्वाद के दौरान उन्होंने कहा कि आपका वोट हमारे देश का संविधान व पिछड़ों के आरक्षण बचाने वाले नेताओं को मजबूती प्रदान करेगा। ई राघवेंद्र ने कहा कि 2024 का चुनाव भारत का भविष्य तय करने जा रहा है, महागठबंधन के सभी नेता देश का संविधान व आरक्षण बचाने तथा युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बिहार में तेजस्वी ने सत्रह महीने में विकास का मॉडल पेश कर दुनिया में कीर्तिमान स्थापित करने का कार्य किया है जिसे लेकर राज्य व देश की जनता इसबार पूर्णतः बदलाव के मूड में है। उन्होंने लोगों से कहा कि ये चुनाव विकसित भारत के संकल्प और रोजगार की सिद्धि का चुनाव है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के बीते दस वर्षो के कार्यकाल में किसी भी वर्ग या क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ है । ई राघवेंद्र ने कहा कि एनडीए के लोग सिर्फ आमलोगों को धर्म के नाम पर बांटना जानते हैं, रोजगार के क्षेत्र में इनका कोई ध्यान नहीं है । देश के कई क्षेत्रो का निजीकरण कर अपनी तिजोरी भरना, एनडीए का एकमात्र मकसद है। उन्होंने कहा की यह चुनाव देश को बेरोजगारी, महँगाई, अफसरशाही व तुष्टिकरण की मानसिकता से मुक्त करने का अवसर है। ई राघवेंद्र ने कहा कि देश की जनता देश में एक गरीब, युवा व महिलाओं की हितैषी की सरकार चाहती है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र, बिहार व देश की जनता महागठबंधन नेताओं के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनते ही महिला, गरीब, किसान, दलित, युवा, शोषित एवं वंचित की सुविधा और समृद्धि में विशेष सुधार देखने को मिलेगा` महागठबंधन के नेतृत्व में आने वाले दिनों पाटलिपुत्र का परिदृश्य बदल जाएगा और इसकी गिनती भी विकसित शहरों में की जाएगी।



# हीरालाल मिश्र सम्मान एवं संगीत महोत्सव का हुआ समापन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सांस्कृतिक संस्था त्रिवेणी कला केन्द्र, पटना द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से 2 दिवसीय ह्लसंगीताचार्य पंडित हीरालाल मिश्र सम्मान एवं संगीत महोत्सवह्न का हुआ समापन। महोत्सव के समापन सत्र में दूरदर्शन केंद्र, पटना के निदेशक श्री राज कुमार नाहर, विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्णा निकेता, पटना के सचिव डॉ० कुमार अरुणोदय तथा मुख्य अतिथि के रूप में श्री अंशुल कुमार पाण्डेय, अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

श्रीमती सोमा चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की उद्घोषणा की। मो. सलीम द्वारा बाँसुरी वादन की प्रस्तुति की गयी, जिसमे योगेश्वर मिश्र तबला पर संगत दे रहे थे। इसके बाद शान्तनु राय एवं संगीत पाठक द्वारा तबला एवं पखावज की जुगलबंदी पेश की गयी। इसमे संतोष कुमार हारमोनियम पर लहरा संगत कर रहे थे। इस वर्ष के महोत्सव की अंतिम प्रस्तुति मानसी श्रीवास्तव एवं मो० शाहिद आलम द्वारा कत्थक नृत्य का प्रदर्शन था। कार्यक्रम के अंत में संस्था के सचिव विजय कुमार मिश्रा ने सभी दर्शकों, आमंत्रित कलाकारों तथा महोत्सव से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी कलाकारों तथा कार्यकताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा अगले वर्ष पुनः महोत्सव आयोजित करने की सूचना देकर इस वर्ष के ह्लसंगीताचार्य पंडित हीरालाल मिश्र सम्मान एवं संगीत महोत्सवह्न का समापन किया।

# देश के संविधान व आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं एनडीए के लोग : गोपाल रविदास

## जनसम्पर्क व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महागठबंधन के पक्ष में मतदान को किया अपील



बिक्रम। गोपाल विद्यार्थी भाकपा माले के स्टार प्रचारक सह फुलवारी से भाकपा माले विधायक कॉमरेड गोपाल रविदास ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार डॉ मीसा भारती के लिए रविवार को बिक्रम प्रखंड के गोरखरी, पतुत, कनपा व मोज्जाका समेत विभिन्न गांवो में जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा कर महागठबंधन के लिए वोट माँगा। मौके पर रविदास ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बाबा साहेब अम्बेडकर के बनाए संविधान को खत्म करना चाहती है। उन्होंने भाजपा के बड़े नेता आनंद हेगड़े, गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए हुए कहा कि वे लोग सभाओं में खुलेआम संविधान बदलने के नाम पर इस बार भाजपा को चार सौ सीट जिताने की बात कर रहे है। रविदास ने कहा कि इस बार हम लोगों को किसी प्रकार के झांसे में नहीं आना है, संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए हम सबों को भाजपा को देश के सता से उखाड़ फेंकना होगा। रविदास ने कहा कि इस बार का चुनाव दो लोगों के बीच का चुनाव है एक तरफ हमलोग देश,संविधान को बचाने वाले लोग हैं। इस लिए आप तमाम मजदूरों, किसानों, छात्रों, नौजवानों से अपील है कि सभी लोग मिलकर पाटलीपुत्र लोकसभा से मीसा भारती को भारी मतों से जिताकर संसद भवन भेजने का काम कीजिए। इस अभियान में भाकपा माले बिक्रम प्रखंड सचिव मंटू यादव, माले नेता शंकर पासवान, माले युवा राष्ट्रीय परिषद पंचम कुमार, रौशन पासवान राजद युवा नेता नीतीश कुमार, राजू यादव व अखिलेश यादव समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद रहे ।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर औषधि उपलब्ध कराने की कवायद तेज



पटना। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आने वाले मरीजों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की सूची में 151 प्रकार की आवश्यक दवाएं निशुल्क दी जाती है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा है कि राज्य में 1744 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ऐसे हैं जिन्होंने बीते वित्तीय वर्ष में 10 प्रतिशत से भी कम दवाओं की मांग की है। उन्होंने इन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से एक तिमाही में उपयोग होने वाली औषधियों की खपत के अनुसार आवश्यक दवाओं की सूची तैयार कर डीभीडीएमएस पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है, ताकि इसी महीने 20 मई तक सभी आवश्यक दवाओं की आपूर्ति हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा इनसे संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सकों को भी डीवीडीएमएस द्वारा प्राप्त दवाओं की मांग को समय से आपूर्ति करने को कहा गया है। सभी सिविल सर्जन को इस सम्बन्ध में लिखे पत्र में कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा है कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर औषधियों की आपूर्ति के लिए डीभीडीएमएस मोबाइल एप पर औषधियों की मांग एएनएम अथवा कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा करने की व्यवस्था निर्धारित है। ऐसे में आवश्यकतानुसार औषधियों की प्रविष्टि पोर्टल या ऐप पर नहीं होने से स्टॉक आउट पोजीशन की स्थिति में राज्य की रैंकिंग प्रभावित होती है।

# लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारियों की गई समीक्षा

पटना।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार राज्य के लिए नियुक्त विशेष प्रेक्षक (सामान्य) मंजीत सिंह (भा.प्र.से.) एवं विशेष प्रेक्षक (पुलिस) श्री विवेक दूबे (भा.पु.से.) द्वारा हिंदी भवन स्थित सभागार में पटना साहिब एवं पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक में श्री शानवास सी. (भा.प्र.से.), सामान्य प्रेक्षक, 30-पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र; श्रीमती के. शारदा देवी (भा.प्र.से.), सामान्य प्रेक्षक, 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र; वर्तिका कटियार (भा.पु.से.), पुलिस प्रेक्षक, 30-पटना साहिब एवं 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन, योगेश कुमार शर्मा (आईआरएस), व्यय प्रेक्षक, 30-पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं सोनल मेहलावत (आईडीएस), व्यय प्रेक्षक, 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र भी उपस्थित थीं। विशेष प्रेक्षक महोदयों द्वारा पदाधिकारियों को मार्ग-दर्शन दिया गया तथा भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पटना श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री राजीव मिश्रा द्वारा विशेष प्रेक्षक महोदयों के संज्ञान में जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों को लाया गया।

# समाज को बांटने का असफल प्रयास कर रहा मुद्दा विहीन विपक्ष : रामकृपाल यादव



पुनपुन। गोपाल विद्यार्थी` देश में विभाजनकारी राजनीति का घटिया प्रयास कर रहा है इंडी एलायंस, उक्त बातें रविवार को पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत दानापुर व पुनपुन के विभिन्न मोहल्लों में जन सम्पर्क अभियान के दौरान पाटलिपुत्र सांसद सह एनडीए प्रत्याशी रामकृपाल यादव ने कहीं` मौके पर पत्रकारों से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क चलाकर सम्मानित जनता -जनार्दन से उनका आशीर्वाद एवं समर्थन प्राप्त किया।

देश में चल रही जन कल्याणकारी एवं लोकहितकारी योजनाओं से मेरे परिवारजनों के जीवन में व्यापक बदलाव आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लोगों के जीवन स्तर को बेहतर एवं उन्नत बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों नई आज हर व्यक्ति के अंदर भाजपा के प्रति अटूट विश्वास जगाया है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में भाजपा का 400 पार का नारा सार्थक एवं सफल साबित होने जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने लोगों से 1 जून को विकसित पाटलिपुत्र एवं विकसित राष्ट्र बनाने हेतु कमल के निशान पर वोट डालने का अपील किया । उन्होंने कहा कि आजादी के पश्चात ये पहली सरकार है जो देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के साथ गांव, गरीब, युवा, किसान, महिला, दलित, महादलित, पिछड़ावर्ग सहित सभी वर्ग के उत्थान को समर्पित रहा है। मोदी सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले सभी जनकल्याणकारी योजना का लाभ सभी जरूरतमंद परिवार को समान रूप से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा गांव-गरीब के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के शरीर का कण-कण और जीवन का पल-पल राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा है। सांसद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ एनडीए परिवार में शामिल सभी दल के नेता भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्पित है और भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे है। वहीं उन्होंने विपक्षी पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी एलायंस और महागठबंधन के पास न तो काम करने का कोई ट्रैक रिकॉर्ड है ना ही कोई विजन है। वह देश में विभाजन की राजनीति और सामाज को बांटकर वैमनष्यता फैलाना ही एकमात्र इनका लक्ष्य है। सांसद ने कहा कि पाटलिपुत्र एवं देश की जनता समझ चुकी है कि देश के विकास के लिए एक स्थिर और मजबूत सरकार कितनी जरूरी है और उन्हें पीएम मोदी के नेतृत्व एवं गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जन -जन का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। उनके नए भारत के निर्माण के स्वप्न को साकार करने हेतु उनका हर कदम पर साथ देने के लिए हर पाटलिपुत्र लोकसभा वासी तत्परता से जुटा हुआ है।

# 'हम' पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (व्यवसायिक प्रकोष्ट) मोहित शर्मा अपने हजारो समर्थको के साथ शामिल हुए भारतीय जन क्रांति दल में

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जन क्रांति दल में "हम" पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष (व्यवसायिक प्रकोष्ट) मोहित शर्मा ने अपने हजारो समर्थको के साथ रविवार शामिल हुए। उक्त जानकारी भारतीय जन क्रांति दल के मीडिया प्रभारी अजय कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि भारतीय जन क्रांति दल के पटना साहिब प्रत्याशी डॉ राकेश दत्त मिश्र ने रविवार को बैकटपुर मन्दिर में भगवान शिव पार्वती की आराधना कर चुनावी अभियान का शुभारंभ किया। डॉ राकेश दत्त मिश्र ने चुनाव प्रचार के क्रम में बैकटपुर, सलेमपुर, फतुहा, फतुहा बाजार, पटना सिटी चौक पर नुक्कड सभा भी किया। डॉ राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि पटना साहिब लोक सभा क्षेत्र में पटन देवी मन्दिर, भारत का प्रसिद्ध बैकटपुर मंदिर , चाणक्य की गुफा, गुलजारबाग में अशोक काल का कुआँ (अगम कुंआ), करौता में माँ भगवती का जगदम्बा स्थान और दीदारगंज में भगवान विष्णु की अति प्राचीन मन्दिर स्थित है, लेकिन सभी के सभी पर्यटन के दृष्टिकोण से पूरी तरह उपेक्षित है। इसके लिए जिम्मेवार कौन है? जनता की आवाज संसद में पहुंचे, इसी उद्देश्य से चुनाव मैदान में आया हूँ। आप के क्षेत्र का प्रतिनिधि अगर आप को लगता है कि आप के जैसा हो तो हमारा साथ दें।

उन्होंने कहा कि पटना साहिब से भारतीय जन क्रांति दल को कैमरा चुनाव चिन्ह मिला है, जिस पर मुहर लगाना है। अधिकाधिक लोग एक जून को निश्चित रूप से मतदान केन्द्र पर पहुंचे और कैमरा छाप पर मुहर लगाकर भारतीय जन क्रांति दल को विजय बनाएं। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में रमेश चौबे, अजय कुमार सिंह, राजीव रंजन, मोहित शर्मा, अजित सिन्हा, मुकेश द्विवेदी, मोहित पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, अशोक राम, धनंजय राम, विजय केशरी, हसन आलम प्रमुख थे।

# ईवीएम-वीवीपैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया



पटना। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर 30-पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम-वीवीपैट का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया। पटना समाहरणालय अवस्थित एनआईसी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, पटना, अभ्यर्थियों तथा सहायक निवार्ची पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह किया गया। रैंडमाइजेशन ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं विधियों के अनुसार किया गया।

विदित हो कि 30-पटना साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 31-पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केन्द्रों की कुल संख्या 4,290 एवं नामांकन तथा अभ्यर्थिता वापसी के पश्चात अभ्यर्थियों की संख्या क्रमशः 17 एवं 22 है है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर 02 बैलेट यूनिट प्रयुक्त होगा। रिजर्व सहित आवश्यक बीयू की संख्या 10,284 है। दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को प्रथम रैण्डमाइजेशन में 01 बैलेट यूनिट, 01 कंट्रोल यूनिट तथा 01 वीवीपैट के आधार पर 5,142 ईवीएम आवंटित किया गया था। वर्तमान स्थिति में पर्याप्त संख्या में बैलेट यूनिट उपलब्ध कराने हेतु ईवीएम का कल शनिवार को पूरक प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया था। कुल आवंटित बीयू की संख्या 10,284 है।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, निवार्ची पदाधिकारी, पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, आई.टी मैनेजर एवं अन्य भी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने की स्वीप अभियान की समीक्षा, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



पटना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निदेश पर लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पटना साहिब एवं पाटलिपुत्र लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नॉक-द-डोर, नो योर बूथ, कास्ट योर वोट, मार्च टू बूथ, सेल्फी विद बूथ, खत अभियान, मतदान सभा, हस्ताक्षर अभियान, रंगोली, मेंहदी, वृक्षारोपण, मानव श्रृंखला, पदयात्रा सहित परंपरागत एवं आधुनिक माध्यमों से आम जनता को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप कार्यक्रम को जन-अभियान का रूप दिया गया है जिससे शत-प्रतिशत मतदाताओं तक पहुँच बनाई जा सके। हर कार्यक्रम को मतदाता जागरूकता थीम पर आयोजित किया जा रहा है। गाँव-गाँव एवं शहर-शहर में लोगों से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने की ज़िलाधिकारी की अपील गूंज रही है। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन स्वीप कार्यक्रम की समीक्षा की जाती है । आज भी उन्होंने जूम के माध्यम से इसकी समीक्षा की तथा प्रगति का जायजा दिया। ज़िलाधिकारी ने पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप तत्पर रहने का निदेश दिया। वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निदेश दिया है।अधिकारियों को रिजल्ट-ओरिएंटेड (परिणाम-आधारित) कार्यक्रम जारी रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी सुविधा रहनी चाहिए। भीषण गर्मी के आलोक में हीटवेव मिटिगेशन प्लान का अच्छी तरह क्रियान्वयन करें। मतदान केंद्रों के आस पास सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं। विगत चुनावों में कम वोटिंग वाले बूथ पर एआरओ विशेष अभियान चलायें। सभी स्टेकहोल्डर्स को अभियान में शामिल करें।जिलाधिकारी द्वारा सहायक निवार्ची पदाधिकारियों को बूथ-लेवल ह्वाट्सऐप ग्रुप क्रियाशील रखने का निदेश दिया गया।जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को खत अभियान का लगातार पर्यवेक्षण करने का निदेश दिया।ज़िलाधिकारी ने कहा कि सभी बूथ पर मतदान सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके द्वारा मतदाताओं को चुनाव के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# विकसित बिहार और आत्मनिर्भर भारत के लिए एनडीए एकमात्र विकल्पः ललन सर्राफ



पटना। जदयू के विधानपार्षद सह प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री ललन सर्राफ ने शिवहर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार श्रीमती लवली आनंद के समर्थन में जिला गेट के समीप मंगल भवन स्थित जदयू के कैंप कार्यालय, शिवहर, नवाब हाई स्कूल के समीप सुमन सदन, शिवहर तथा एनडीए कार्यालय, मधुबन (पूर्वी चम्पारण) में स्थानीय व्यवसायियों, बुद्धिजीवियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों एवं एनडीए के घटक दलों के कार्यकताओं के साथ बैठक की। जदयू के कैंप कार्यालय में बैठक के दौरान जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी पहुँचे और सबका मार्गदर्शन किया। वहीं बैठक को संबोधित करने वालों में शिवहर से एनडीए उम्मीदवार श्रीमती लवली आनंद, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 अमरदीप, पिछड़ा वर्ग आयोग की पूर्व सदस्य श्रीमती कंचन गुप्ता, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य श्री मुकेश जैन, प्रदेश महासचिव श्री राजकुमार गुप्ता, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश कुमार, श्री अभिनव देव, श्री संजय मोदी, श्री अनिल यादव, ई. रंजीत कुमार, श्री रामनरेश कुमार, श्री अरुण कुमार गुप्ता, श्री सत्यनारायण साह, डॉ. रामबहादुर प्रसाद गुप्ता, श्री रामनाथ सुमन, श्री विजय विकास, श्री भोला साह आदि प्रमुख हैं। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता श्री अभिषेक झा, श्री अंशुमन आनंद, श्री नगीना चैरसिया, श्री बिनोद गुप्ता, श्री बिनोद साह, श्री गणेश भगत, श्री सुजित पाठक, श्री कुणाल गौरव सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। इस मौके पर श्री ललन सर्राफ ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित बिहार और आत्मनिर्भर भारत के लिए एनडीए एकमात्र विकल्प है। बिहारवासी यहाँ की 40 सीटों का गुलदस्ता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को सौंपने का मन बना चुके हैं। श्री सर्राफ ने कहा कि बिहार की धरती सामाजिक और राजनीतिक न्याय की प्रयोगशाली रही है। विकासविरोधी और विभाजनकारी ताकतों ने यहाँ हमेशा मुँह की खाई है। इस चुनाव में भी ऐसा ही होगा।

श्री ललन सर्राफ ने आगे कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार और देश में जाति, वर्ग, धर्म, लिंग और क्षेत्र का भेदभाव किए बिना विकास का कार्य किया है। आज हम सभी अमन-चैन के माहौल में खुशहाल जीवन जी रहे हैं। सभी के लिए आगे बढ़ने के अनगिनत और एक समान अवसर मौजूद हैं। यह चुनाव डबल इंजन की सरकार को और मजबूती देने का काम करेगा।

श्रीमती लवली आनंद ने अपने संबोधन में कहा कि इस चुनाव में लवली आनंद की जीत शिवहर की जनता की जीत होगी। शिवहर की प्रतिष्ठा और गौरव को बढ़ाना ही मेरे जीवन का उद्देश्य होगा।

वहीं, डॉ0 अमरदीप ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा का ये चुनाव लोकतंत्र और परिवारतंत्र के बीच है, विकास और विनाश के बीच है और आपको तय करना है कि आप किस ओर हैं। ये चुनाव केवल दो गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि ये लड़ाई हमारी, आपकी, हम सबकी है। हमें नए बिहार और नए भारत के लिए वोट करना है। आज ही श्री ललन सर्राफ ने शिवहर के शिक्षा मित्रों और टोला सेवकों की बैठक को भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव की दी गई जानकारी



मुंगेर। रविवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नौवां गाढ़ी उतरी पंचायत के वार्ड नंबर 15 रामगढ़ गांव में अग्निशमन टीम मुफस्सिल थाना के द्वारा ग्रामीणों के बीच आग से बचाव हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से लोगों को बिस्तर पूर्वक जानकारी दिए। आग लग जाने पर किस तरह से आप लोग अपने परिवार या अपने आस-पास में बचाव करेंगे ताकि आग काम से कम छाती कर सके। वही चालक विपुल कुमार, आलोक कुमार ,उमाशंकर ,द्वारा बताया गया कि। भीष्म गर्मी में आग लगने की अधिक समस्या उत्पन्न हो गई है। इसी को देखते हुए विभाग द्वारा लोगों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु हम लोग उपस्थित हुए हैं। तथा लोगों के बीच पंपलेट भी बांट रहे हैं। आग लग जाए तो तुरंत इस नंबर पर कॉल करें हमारी टीम आकर आग पर काबू पाएगी।

### कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के समीप दो शराब कारोबारी गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर)। कल्याणपुर रेलवे स्टेशन के समीप दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के समीप 28.75लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बन्ध में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर कल्याणपुर रेलवे स्टेशन से उतर कर प्लास्टिक के थैले में शराब लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 80 पर रखकर बरियारपुर आने के लिये सवारी के प्रतिक्षारत थी। इसी बीच में पुलिस गाडी आ धमकी। दोनों तस्कर भागने ही बाले थे। जिसे पुलिस दल ने पकड लिया। जिनमें एक पुरुष दीपक कुमार सिंह के पुत्र अमन कुमार घर कल्याणपुर बताया गया है वहीं महिला शराब तस्कर पडिया निवासी स्वर्गीय महेश मंडल के पत्नी सबिता देवी है । थाना अध्यक्ष ने बताया कि यह शराब झारखंड प्रदेश के साहेबगंज जिला से लेकर रहें थें। इस सम्बन्ध थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि यह महिला लंम्बी समय से शराब कारोबार करने के लिए जेल भेजा जा चुकी हैं। अमन कुमार लगभग दो वर्षो से शराब के धन्धें में शामिल है।

### एक दिवसीय चहक का प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ संपन्न

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी भवन प्रांगण में एकदिवसीय गैर आवासीय चक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण के मौके पर खेल-खेल में कक्षा एक के छात्रों को 140 गतिविधि के तहत करने की कला को 56 शिक्षकों को सिखाया गया। इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक राकेश कुमार गुप्ता, नीतीश कुमार नयन ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक ने बताया कि खेल-खेल के माध्यम से 56 विद्यालय के एक-एक शिक्षकों को चहक का प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें 140 गतिविधि के तहत छात्रों को पढ़ना है इस चहक की प्रगति को लेकर के प्रत्येक माह के अंतिम तिथि को चहक उत्सव मनाया जाएगा। प्रशिक्षक ने बताया कि बच्चों की भौतिक शारीरिक एवं मानसिक रूप से नियमित विकास हो इसमें स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे रहे एवं पढ़े, इस पर विशेष तौर पर ध्यान देना है। इस मौके पर लेखपाल मुरारी कुमार, छोटू कुमार व अन्य आदि लोग मौजूद थे।

### स्टेशन का होगा कायाकल्प : श्री सूद

सोनपुर। डिवीजन के डीआरएम विवेक कुमार सूद ने अपने अधिकारियों के साथ नवगछिया रेलवे स्टेशन पर परिवारवाद कैंप लगाकर यहां से कर्मचारियों अधिकारियों के लंबित मोमलों का निष्पादन किया साथ में अधिकारियों के साथ कैंप कार्यालय में बैठक कर स्टेशन के कार्यकाल में आने वाली समस्या को लेकर के आवश्यक निर्देश दिए। स्टेशन पर आरक्षण काउंटर से लेकर के डिस्प्ले बोर्ड तक का लगाने की जानकारी दें। उन्होंने अमृत भारत योजना के तहत स्थित होने वाले कार्यो को लेकर के आरपीएफ कार्यालय कुली कक्ष एवं प्लेटफार्म पर जन आधार नई योजना के तहत एक्सीलेटर लगे को लेकर के इंजीनियरों के टीम के साथ स्थल का निरीक्षण कर तत्काल कार्य को प्रगति पर लाने का निर्देश दिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यहां पर जिस तरह से ठेकेदार के उदासीनता के कारण कार्यलंबित है लेकिन अब वह लंबित नहीं रहेगा। अगले महीने से यहां पर कार्य प्रगति में रहेगा। प्लेटफार्म एक के एंट्रेंस एवं एग्जैक्ट पॉइंट पर पूरी समस्या को लेकर के उन्होंने तारीख को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने आरपीएफ के भवन का भी निरीक्षण किया साथ ही दो नंबर प्लेटफार्म के नीचे माल वह फूड रेस्टोरेंट बनाने को लेकर के भी स्थल का निरीक्षण किया है।

# पान दुकानदार हत्याकांड के आरोपी मो. फूलो चढ़ा पुलिस के हत्थे : एसपी

## पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव के अंतिम मिट्टी प्रक्रिया को लेकर परिजनों को किया गया सुपुर्द

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया भागलपुर। विगत दिनों झंडापुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत झंडापुर शेख टोला वार्ड संख्या 1 के पान दुकानदार 50 बर्षीय मो. फारूक का अपहरण करने के साथ अपराधकर्ताओ ने बड़ी ही बेरहमी से पत्थर से मुह कुचकर व गला रेतकर उनकी हत्या की वारदात को अंजाम दे साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य के साथ मृतक के शव को स्थानीय इलाके में स्थित उसके दुकान के समीप फेंक दिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतक के शव को उनके दुकान से कुछ ही दूरी पर एक होटल प्रांगण के पीछले हिस्से से बरामद किया गया था। वही घटना स्थल पर प्रत्यक्षदर्शी मो. अफरोज व मो. लालू ने बताया कि मरहूम फारूक खगड़ा चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने कई वर्षों से पान का दुकान चलाता था। पान दुकान में उनके बड़े पुत्र मो. मेहताब अपने पिताजी का मदद करते थे। वही उनके परिवार का उक्त पान दुकान से भरण पोषण के साथ जीविकोपार्जन होता है। जबकि मरहूम मो. फारूक अपने पीछे पत्नी फिरोजा खातून, तीन पुत्री एवं पुत्र मो. मेहताब, मो. आफाक, मो. दिलखुश को छोड़ गए है। वही घटना को लेकर उनकी बड़ी बेटी ने कहा कि मेरे पिताजी का मो. फूलों ने अपने तीन सहयोगी साथियों के साथ मिलकर बेहरमी से हत्या कर दी गई है, जबकि मेरे पिता के साथ उनका किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। साथ ही मृतक दुकानदार की पत्नी ने बताया कि मेरे पति ने पड़ोसी बानो खातून के घर आरोपी





फूलो को आते जाते देखा था। वही पड़ोसी बानो खातून से फुलों का अवैध संबंध भी बताया जा रहा है, लेकिन मेरे पति के साथ उन्होंने मारपीट करते हुए अपने सहयोगी के साथ मिलकर मेरे पति की दर्दनाक हत्या कर दी गई है। इसी क्रम में परीजन ने बताया कि विगत 15 वर्षो से शेखटोला झंडापुर वार्ड संख्या 1 में जमीन खरीदने के बाद घर बनाकर अपने बाल बच्चे के साथ रहते हैं। वही इस हत्या से गांव में कई प्रकार की चचाएं भी हो रही है। वही घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी मो. फूलो वार्ड सदस्य प्रतिनिधि भी हैं। अब सवाल तो यह बनता दिख रहा है कि आखिर छोटी सी बात के लिए आखिर क्यों एक दुकानदार की हत्या वारदात को अंजाम दिया गया है। वही क्षेत्र इलाके में अपराधियों का मनोबल इतना क्यों बढ़ गया है, जबकि घटना में शामिल दो अपराधी अब भी पुलिस पकड़ से फरार चल रहे हैं। बताते चलें कि पेट्रोल पंप के पास अन्य दुकानदार द्वारा तीनों अपराधी को देखा गया था। वही मो. फारूक को किसी बहाने से अपराधकर्ताओ ने अपने बाइक पर बैठा कर कुछ दूरी पर ले जाकर उन्हें बुरी तरीका से मारपीट कर दर्दनाक हत्या कर दी गई थी। वही मृतक का चेहरा इतना चोटिल था कि लोग सही से देख नहीं पा रहे थे। वही घटना स्थल पर कुछ लोगो का कहना था कि मृतक की एक आंखें निकाल ली गई है, दोनो हाथ टूटे थे। गला पर गहरा जख्म का निशान उभरने के साथ चेहरा भी कुचला हुआ देखा जा रहा था। बता दें कि उनके लापता होने के बाद विगत शुक्रवार को सामाजिक स्तर पर मो. फूलो से मो. फारूक के विषय में पूछा भी गया लेकिन फूलो ने साफ इनकार कर दिया था कि फारूक की जानकारी उनके पास नहीं है। जब परबता थाना पुलिस टीम ने मो. फूलों को हिरासत में लिया और उसके बाद सख्ती से साथ जब पुलिस ने उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने सारा राज उगला था। वही घटनास्थल पर पुलिस को लेकर पहुंचे थे और घटना स्थल पर ही मो. फारूक की शव पड़ी हुई थी। मृतक दुकानदार का शव बरामदगी के साथ कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के साथ ही मृतक के शव के अंतिम मिट्टी को लेकर परिजन को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के एक अपराधियों की गिरफ्तारी में वार्ड प्रतिनिधि मो. फूलो की तो हो चुकी है ,लेकिन घटना के दो अन्य अपराधी अब भी पुलिस की गिरफ्त से फरार हैं। इधर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक मो. फारूक ने दो बेटी की शादी कर चुके थे। वही परिवार में उनकी छोटी बेटी 18 साल की है, जिसकी शादी करनी थी, वही घटना के पूर्व उसके बड़े बेटे की शादी होनी थी।

बकरीद के बाद, घरों में होने वाली थी शादी, जो परिवार के बीच खुशियों का माहौल बनने वाला था वो माहौल गम में बदल गया है। वही मामले को लेकर झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस जिला एसपी के निर्देश पर गठित टीम द्वारा विगत शुक्रवार की देर रात से ही मृतक के गांव इलाके में तैनाती कर दी गई थी। जिसे लेकर पुलिस काफी अलर्ड व मुस्तैद गतिविधियों में दिख रही थी। वही इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने कड़े इंतजाम किए गए थे। वही दूसरी तरफ परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उक्त मामले को लेकर परबत्ता थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड मामले में त्वरित कार्यवाई करते हुए हत्याकांड में शामिल एक नामजद अभियुक्त मो. फूलो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही अन्य फरार दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है, जल्द ही दोनो आरोपी अभियुक्त सलाखों के पीछे होगा।

## किसानों के सिंचाई के लिए राज्य सरकार ने बिजली कनेक्शन देना किया शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर/हवेली खड़गपुर। बिहार सरकार ने किसानों के खेतों की सिंचाई केलिए खेत तक पानी की सुविधा के लिए बिजली कनेक्शन देने का फैसला किया है। बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3566 करोड़ की लागत से मुंगेर एवं लखीसराय जिले के किसानों के खेतों तक बिजली कनेक्शन पहुंचायें जाने की योजना पर सरकार और विभाग काम कर रही है। वैसे किसान जो बिजली का कनेक्शन से वंचित थे अब उन्हें भी कनेक्शन दिए जाने के लिए अप्लाई करने पर 3 महीने के अंदर उनके खेतों तक बिजली पहुंचाई जाएगी इसके लिए किसान सुविधा एप के माध्यम से या फिर कार्यालय स्थानीय कार्यालय में जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकार ने मुंगेर और लखीसराय जिले के लिए दो एजेंसी को नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार किसानों के खेतों में कनेक्शन पहुंच जाने के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने बजाज तथापि चंद्र रेड्डी को जिम्मेदारी सौंप है दोनों निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता के साथ ही निर्धारित समय पर किसानों के खेतों तक बिजली का कनेक्शन पहुंचायें जाने का एग्रीमेंट किया है। दोनों कंपनी ने अपना कार्य भी शुरू कर दिया है सबसे पहले लंबित आवेदनों का निष्पादन दोनों कंपनियों की ओर से किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4760 किसानों का आवेदन लंबित है पहले उन लोगों को दिया जाएगा कृषि क्षेत्र में परिवर्तन देखने को मिल रहा है जहां 11000 केवीए का विद्युत उपलब्ध है वहां आवेदन के कुछ ही दिनों में कनेक्शन किसानों को दिया जा सकेगा कृषि कनेक्शन के लिए किसानों को अपने जमीन की दस्तावेज जैसे लगान रसीद खतियान के साथ ही आधार कार्ड आवेदन के साथ संलग्न करना होगा किस चाहे तो सुविधा एप के माध्यम से खुद ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं या फिर वह अपने स्थानीय विद्युत कार्यालय से भी ऑनलाइन अप्लाई को लेकर कर्मियों से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं । सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी खेत सिंचाई से वंचित न रहे चाहे वह टाल क्षेत्र हो या फिर अन्य क्षेत्र सभी जगह किसने की को आवेदन करने पर बिजली कनेक्शन 3 महीने के अंदर प्राप्त हो जाएगा कार्यपालिका अभियंता साउथ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के पंकज कुमार ने बताया कि किसानों के खेतों तक बिजली कनेक्शन दिए जाने का काम कंपनी ने शुरू कर दिया है किस आवेदन के लिए सुविधा एप का उपयोग कर सकते हैं साथ ही अपने स्थानीय विद्युत कार्यालय से भी ऑनलाइन आवेदन करवा सकते हैं आवेदन के 3 महीने के भीतर किसानों को कनेक्शन प्राप्त हो जाएगा।

## बेलगाम ट्रैक्टर चालक ने रौंद, ट्रैक्टर छोड़ चालक मौके से हुआ फरार

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं का दौर लगातार जारी है। इसी कड़ी में एक और घटना घटित होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि तीन जिला से सटे सीमावर्ती क्षेत्र इलाके में स्थित सन्हौला थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनूडीह गांव इलाके में तेज रफ्तार बेलगाम ट्रैक्टर चालक ने एक मासूम बच्ची को रौंद मौत के घाट उतार दिया है। वही इस घटना में बच्ची की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मासूम बच्ची अपने घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए कोचिंग सेंटर जा रही थी इसकी क्रम में हादसे का शिकार हो गई और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही घर परिवार के लोगों के बीच कोहराम मच गया है। वही मौके पर पहुंचे बच्ची के पिता समेत परिजनों का रो रो कर बदवाश चल रहे है। ग्रामीणों स्वजनों के मुताबिक बताया जा रहा है कि मृत बच्ची पढ़ लिखकर एक बड़ा अफसर बनना चाहती थी, पहली कक्षा की छात्रा के इस सोच और उसके लक्ष्य को लेकर काफी सराहना की जाती थी। बच्ची विद्यालय व कोचिंग सेंटर में पढ़ाई में काफी तेज थी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय पुलिस की गश्ती टीम के द्वारा मृत बच्ची की पहचान सोनुडीह के ग्रामीण कबीर मंडल के 7 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी के रूप में की गई है। वही घटना के बाद परिजनों ने इसकी जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई थी कि बात सामने आई हैं। वही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है। वही मृत बच्ची को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वही घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि 7 वर्षीय अंशु घर से 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित कोचिंग सेंटर पर अपने ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसे रौंद मौत के घाट उतार दिया। इस घटना में बच्ची के सिर समेत पूरे शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोट लग जाने के कारण घटना स्थल पर अत्यधिक मात्रा में ब्लडिंग हो जाने कारण घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। वही घटना को लेकर मृत बच्ची के पिता ने बताया कि अंशु पर लिखकर बड़ा अफसर बनना चाहती थी पढ़ने लिखने में काफी तेज थी। गांव के ही एक कोचिंग सेंटर पर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रही थी, इसी दौरान गांव के ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हुई है। वही उन्होंने कहा कि उक्त सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर व किसी भी वाहन चालक धीरे चलाने के लिए पहले भी कई बार ग्रामीणों द्वारा संबंधित वाहन चालकों को हिदायत दी गई थी। वही परिजनों के अनुसार माने तो जिस ट्रैक्टर से यह दर्दनाक हादसा घटित हुआ है।

## बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग : दुकानदार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया। पुलिस जिला क्षेत्र के कदवा मिलन चौक स्थित एक दुकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लगने से करीब आसपास के दो दर्जन अधिक दुकान आग की भेंट चढ़ गया। इस दौरान आग की लपटें इतनी भयावह स्थिति में थी कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख की ढेड़ में तब्दील हो गया। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बताया जा रहा है कि आग लगने के साथ ही दुकान धु-धुकर जलने लगी और देखते ही देखते कपड़ा दुकान, जूता दुकान, हार्डवेयर दुकान, होटल, सीएसपी सेंटर, मोटरसाइकिल के पार्ट्स दुकान, मिठाई दुकान और किराना स्टोर राशन दुकान आग में समाहित हो दूकानों के अंदर रखा सारा सामान जल कर राख को गई है। आग इतनी विकराल रूप धारण कर चुकी थी कि



उसकी लपटें आसमान छू रही थी। लोग चाह कर भी नजदीक जाकर आग नहीं बुझा पा रहे थे।

दुकानदार के समक्ष उनकी खून पसीने से तैयार किया हुआ दुकान समान और पैसा भी आग की भेंट चढ़ जल रहा था। लेकिन वह लोग चाहकर भी अपनी जीवन की जमा पूंजी निवेश को बचा नही पाये ये कह कर सभी अपनी छाती पीट फुट फुट कर रो रहे थे। दुकानदार के जुबान पर सिर्फ एक ही बात थी, दुकानों में रखा हुआ रुपया, पैसा, कपड़ा बर्तन सोने चांदी के आभूषण सहित सारा सामान पल भर में आग की भेंट चढ़ गया ये कैसा दिन दिखा दिया।

वही दूसरी तरफ आग लगने की सूचना पर जिला परिषद नंदिनी सरकार अपनी सहयोगी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच त्वरित आग लगने की सूचना नवगछिया एसडीओ उत्तम कुमार को दी। वही सूचना मिलने के करीब डेढ़ घँटे बाद दमकल टीम घटनास्थल पर पहुंची थी, लेकिन तबतक दुकानदार का सब कुछ जलकर खाक हो चुका था। इस गतिविधियों को लेकर पुलिस प्रशासन के कार्यशैली को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित दिख रहे थे। वही घटना को लेकर जिला परिषद नंदिनी सरकार ने बताया कि सीओ को जब फोन किया तो सीईओ ने फोन नहीं उठाया और बाद में उनके पर्सनल नंबर पर जब फोन किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं पटना में हूं और मेरा स्टाफ नीतीश कुमार घटना स्थल पर गया है। वही कर्मचारी नीतीश कुमार ने बताया कि आग बुझ गया है जिनके दुकान जले हैं उनकी सूची मांगी गई है। वही उन्होंने कहा कि सोमवार को क्षति का आकलन किया जाएगा। वही दमकल टीम के समय पर नहीं पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश जताते हुए कहा कि अक्सर आग लगती रहती है और समय पर दमकल टीम की सुविधा नही मिल पाती है। जिसे लेकर जिला परिषद ने कहा कि पहले भी आग लगने पर अग्निशमन विभाग के लोग समय पर दमकल गाड़ी को लेकर नही पाहुंचने दुकानदार का काफी नुकसान हुआ है। इस क्षेत्र में फोरलेन है, 50 हजार की आबादी से घिरा हुआ शहर है एक दमकल वाहन हमेशा मौजूद रहना चाहिए। वही उन्होंने एसडीओ नवगछिया से कदवा इलाके में एक दमकल वाहन टीम के साथ हमेशा उपलब्ध कराने हेतू मांग की है।

## हर घर नल जल योजना की हकीकत दिखा हवा हवाई : ग्रामीण

प्रात : किरण ईशु राज।

भागलपुर। इन दिनों बिहार सरकार के द्वारा लागू किए गए सात निश्चय योजना में शामिल हर घर नल जल योजना कहीं न कहीं बेअसर साबित होता दिखाई दे रहा है। कागजी पन्नों में हर घर नल जल की बात तो आए दिन होती है, लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिल रही है। दरअसल भागलपुर के सन्हौला प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिलहन खजुरिया पंचायत क्षेत्र के बेलडीहा गांव के वार्ड 11 व 12 इलाके में विगत कई महीनों से पानी की भारी किल्लत दिखाई दे रही है। प्रत्येक वर्ष तेज गर्मी के कारण अमूमन गांव इलाके के आसपास पानी का स्तर इतना नीचे चला गया है कि आसपास के दर्जनों चांपाकल व कुंआ का पानी सूखा पड़ा दिख रहा है। इलाके में पानी की कमी



से प्रभावित चल रहे सैकड़ो ग्रामीण के बीच जल संकट का मंजर प्रत्यक्ष रूप में देखने को मिल रहा है। क्षेत्र इलाके में ग्रामीणों की आबादी घनी रहने के कारण लोग पानी की किल्लत को लेकर कई तरह की समस्या से उतपन्न होने के साथ ग्रामीणों का जीवन त्रस्त व त्राहिमाम की स्थिति में दिख रहा है। वही गांव में लगे अधिकांश चापाकल खराब पड़े हुए हैं। वही सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक हर घर जल नल योजना कही न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों व उनके लोगों के वजह से फिसड्डी साबित होता प्रत्यक्ष रूप में देखी जा सकती हैं।

गांव में पानी की घोर किल्लत के कारण ग्रामीण महिलाओं को दूसरे के घरों में लगे निजी बोरिंग वाले लोगों से पानी मांगना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कई बार ग्रामीण महिलाओं के द्वारा घंटों तक मिन्नत करने के बाद एक डिब्बा पानी बड़ी मुश्किल से मिल पाता है। इस समस्या को लेकर गांव के दर्जनों लोगों ने स्थानीय जिला प्रशासन से तुरंत इस समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है। वही ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर व विबश हों जायेगे। ज्ञात हो कि भागलपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा विगत दिनों संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सवाल तलब करते हुए हिदायत देते हुए जल्द से जल्द जल समस्या का निष्पादन हेतू कई दिशा निर्देश जारी करने के साथ लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर कार्रवाई किये जाने की बात भी सामने आई थी। अब देखने वाली बात है कि ग्रामीण के बीच चल रही इस समस्या का समाधान करने हेतू क्या रुख इख्तियार कर क्या रणनीति तैयार करती हैं ये सवाल खड़े होकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बनता हुआ दिख रहा है।

## 352 वाहन चालकों से वसूल किया गया 8.74 लाख का जुर्माना : डीएम

भागलपुर। विगत दिनों जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी द्वारा जारी आदेश के आलोक में विगत 18 मई को यातायात पुलिस द्वारा किए गए वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 309 वाहन चालकों से 3 लाख 71 हजार 5 सौ रुपए का जुमार्ना के रूप में वसूली की गई है, जांच के क्रम में कुल 16 वाहनों को जप्त भी किया गया है। वही पुलिस टीम द्वारा 12 ट्रक एक बस, 166 टोटो, 96 ऑटो एवं 281 अन्य वाहनों की जांच की गई है, जिनमें 9 ट्रक चालकों से 40 हजार रुपए, 45 ई-रिक्शा चालकों से 22 हजार 5 सौ रुपये, वही तीन ऑटो चालक से 3 हजार रुपए, 48 अन्य वाहनों के चालकों से 1 लाख 2 हजार रुपए की वसूली की गई है। साथ ही पुलिस जांच के दौरान 6 टोटो एवं दो ऑटो को पुलिस टीम द्वारा जप्त किया गया है, इस प्रकार कुल 105 वाहनों की जांच पुलिस टीम द्वारा की गई है। वही इसके अतिरिक्त आईसीसीसी के माध्यम से कुल 204 वाहनों को जुमार्ना राशि के रूप में 2 लाख 4 हजार रुपए का ऑटोमेटिक चालान निर्गत किया गया है। साथ ही भागलपुर जिला परिवहन विभाग द्वारा उल्टा पुल पर कुल 11, मनाली चौक पर 1, तिलका मांझी चौक के समीप 25, रेलवे स्टेशन के समीप 4 व कोयला डिपो के समीप 2 वाहनों की जांच की गई है। इसी क्रम में कुल 43 वाहन चालकों से कुल 5 लाख 3 हजार रुपए की जुमार्ना राशि बसूल किया गया है। इसी क्रम में यातायात पुलिस एवं जिला भागलपुर परिवहन विभाग की जांच टीम द्वारा कुल 8 लाख 74 हजार 5 सौ रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई है। ज्ञात हो कि भागलपुर शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा लगातार पहल की जा रही है। इसी कड़ी में संबंधित वाहन चालकों को जेबरा क्रॉसिंग के पहले रुकने, साथ ही मुख्य चौराहों से 70 मीटर दूर ऑटो और टोटो के ठहराव किये जाने के आलोक में यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश व यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालक के विरुद्ध जुमार्ना चार्ज करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत भागलपुर परिवहन विभाग एवं भागलपुर यातायात पुलिस के द्वारा गहन वाहन जांच अभियान चलाया गया, साथ ही विभिन्न चौक चौराहा पर लगे सीसीटीवी से भी वाहनों के चालकों की गलतियों को पकड़ा गया।

## मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद ने नवगछिया स्टेशन का किया दौरा

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद ने अपनी जांच टीम के साथ सोनपुर रेल मंडल परिक्षेत्र अन्तर्गत नवगछिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया साथ ही उन्होंने यात्री सुविधाओं के तहत संरक्षा की समीक्षा की। इस दौरान नवगछिया रेलवे स्टेशन पर पहुंच रेलवे के समीक्षा भवन प्रांगण में उनकी अध्यक्षता में एक संरक्षा सेमिनार का भी आयोजन किया गया था, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक ने संरक्षा से जुड़े कर्मचारियों को आवश्यक सलाह एवं दिशा-निर्देश दिए है। नवगछिया में म.रे.प्र. ने सभी विभागों के कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन की समीक्षा तथा नवगछिया में सभी विभागों की संरक्षा एवं कार्यप्रदर्शन की ऑडिट भी की गई। इस अवसर पर सोनपुर मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक तथा अन्य शाखा अधिकारी भी उपस्थित दिखे थे। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन की संरक्षा व्यवस्था और यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की। स्टेशन परिसर में साफ-



सफाई, प्रतीक्षालयों, टिकट काउंटरों और अन्य यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन कर्मचारियों को संरक्षा और यात्री संतुष्टि को सर्वोपरि रखने की सलाह दी। स्टेशन पर आधुनिकीकरण और तकनीकी उन्नयन के महत्व पर भी बल दिया। निरीक्षण के दौरान, श्री सूद ने यात्रियों से भी मुलाकात की और उनके सुझाव और प्रतिक्रियाएं सुनीं है। साथ ही उन्होंने यात्रियों को आश्वासन दिया कि पूर्व मध्य रेलवे उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण और सेमिनार के समापन पर मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन प्रबंधन और संरक्षा टीम के प्रयासों की सराहना की और उन्हें उत्कृष्ट सेवा के लिए बधाई दी।

## आसमान से बरस रही है लू वाली आग जवाब दे गए कूलर व पंखे : डॉ अरुण

बिक्रमगंज(रोहतास) : भीषण गर्मी का कहर लगातार जारी है । आसमान से बरस रही आग ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है । तेज धूप, गर्म हवा, लू के थपेड़ों के कारण लोगों का जीना दुस्वार हो गया है । भीषण गर्मी ने लोगों को घरों के अंदर दुबके रहने पर विवश कर दिया है । गर्मी के चलते बिजली के कट भी बार-बार लग रहे हैं । कूलर तथा पंखे भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं दिला पा रहे हैं । भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर काफी असर डाल रहा है जिससे लोगों के काम धंधे भी प्रभावित हो गए हैं । गलियों, सड़कों, बाजारों तक सब कुछ विरान दिखाई दे रहा है । गर्मी ने भी रौद्र रूप धारण किया हुआ है । सूर्य आग उगल रहा है तो गर्म हवा के थपेड़े लोग दिनभर झेल रहे हैं । भीषण गर्मी के चलते जिंदगी ठहरी सी दिखाई देने लगी है । उल्टी, दस्त, डायरिया, पेट दर्द के मामलों में इजाफा हुआ है । दिन निकलते ही आसमान से आग बरसनी शुरू हो जाती है और यह सिलसिला शाम तक जारी रहता है । भीषण गर्मी



के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा रही है, तो घरों में चल रहे कूलर तथा पंखें भी गर्मी के सामने बेअसर हो रहे हैं । लगातार रह-रहकर बिजली के कट लग रहे हैं, जिससे लोगों का काम धंधा भी प्रभावित हो रहा है । रविवार को दिन का आगाज कड़ी धूप के साथ हुआ । दिन चढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती चली गई । हालात यहां तक रहे कि सुबह 10 बजे घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया । दोपहर को शहर में सड़कें पूरी तरह से सुनसान नजर आ रही थी । शाम ढ़लने के बाद ही कुछ राहत लोगों को मिल रही है ।

**फसलों तथा स्वास्थ्य पर गर्मी का दिखाई दिया असर :** आग उगल रहे सूरज का असर स्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है । बच्चे , युवा तथा बुजुर्ग उल्टी तथा दस्तों की चपेट में हैं । इसके चलते अच्छे खासे मरीज सामान्य अस्पताल तथा निजी अस्पतालों में देखने को मिल रहे हैं । भीषण गर्मी का प्रकोप स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि फसलों पर भी देखने को मिल रहा है । गर्मी के चलते फसलें भी झुलसने लगी हैं ।

शहर के डुमरांव रोड तेंदुनी काली मंदिर के समीप स्थित रीता मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अरुण कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तापमान बहुत ज्यादा बढ़ा हुआ है । जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है । उन्होंने कहा कि इसमें लोगों को चाहिए कि वह स्वयं सीधी धूप से बचें और धूप के दौरान बाहर निकलने से परहेज करें । साथ में ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का प्रयोग करें और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें । ज्यादा तापमान में हीट स्ट्रोक तथा लू लगने का खतरा सबसे ज्यादा बना रहता है ।

## बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने हेतू चलाया विशेष टिकट चेकिंग अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों मालदा डिवीजन के डीआरएम सह एमएलडीटी विकास चौबे के नेतृत्व में मिशन "सुधार" के तहत सेवा उन्नयन को लेकर रेल यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए ट्रेनों में भीड़भाड़ कम करने के साथ साथ यात्री सुविधाओं को लेकर कई सार्थक प्रयास कदम के साथ कर्मियों की बहाली के लिए अग्रतन कार्रवाई की जा रही हैं। इसी कड़ी में मालदा डिवीजन में वृहद पैमाने पर स्टेशनों पर नियमित स्तर पर यात्रियों के बीच टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। वही दूसरी ओर टिकट जांच को लेकर मालदा के सीनियर डीसीएम सुदेब भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में बिना वैध टिकट के यात्रा करने की प्रथा को हतोत्साहित करने के लिए भागलपुर रेलवे स्टेशन प्रांगण में एक विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस अभियान का नेतृत्व एरिया मैनेजर सचिन कुमार के साथ वाणिज्य निरीक्षक सीएमआई मालदा के फूल कुमार शर्मा और सुधांशु आर्य, सीएमआई भागलपुर के संजीव गुप्ता, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक भागलपुर के टीटीई व आरपीएफ कर्मियों ने पूरा सहयोग किया है। इस अभियान को लेकर भागलपुर, साहिबगंज, भागलपुर और जमालपुर स्टेशन परिसर में टिकट चेकिंग दस्ता दल द्वारा कुल 220 यात्रियों को जुमार्ना लगाया गया है।

